दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 17 | अंक 48 | सीकर, बुधवार 15 अप्रैल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# ट्रम्प ने पीएम मोदी को फोन किया, 40 मिनट बातचीत
## ईरान जंग पर चर्चा, दोनों ने कहा- होर्मुज स्ट्रेट का खुला रहना बहुत जरूरी

नई दिल्ली।

पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान जंग पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज खुला रहना चाहिए। पीएम मोदी सोशल मीडिया पर लिखा- मुझे मेरे दोस्त राष्ट्रपति ट्रम्प का फोन आया। हमने दोनों देशों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में हुए काम और प्रगति पर बात की। हमने यह भी कहा कि आगे चलकर भारत और अमेरिका के रिश्ते को और मजबूत करेंगे। अमेरिका-ईरान सीजफायर के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने ट्रम्प से कहा, भारत के लोग आपको पसंद करते हैं। इस पर ट्रम्प ने कहा कि हम सभी आपसे प्यार करते हैं।

### अमेरिकी राजदूत बोले- भारत-यूएस में जल्द बड़ा समझौता

सर्जियो गोर ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच होर्मुज की घेराबंदी के मुद्दे पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले कुछ दिनों और हफ्तों में भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा से जुड़े बड़े समझौते होने की उम्मीद है। गोर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है और कई अहम मुद्दों पर साथ मिलकर काम किया जा रहा है।



### ट्रम्प-मोदी के बीच 20 दिन में दूसरी बातचीत

इससे पहले पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच 24 मार्च को फोन पर बात हुई थी। उस बातचीत में दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के हालात पर बात की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत चाहता है कि तनाव कम हो और जल्द से जल्द शांति बहाल हो। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को खुला और सुरक्षित रखने की अहमियत भी बताई थी, क्योंकि इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इस बातचीत को लेकर न्यूयॉर्क टाइम्स ने अज्ञात अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा था कि एलन मस्क दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में शामिल हुए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया, मंगलवार को एलन मस्क ने भारत के राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बातचीत में भाग लिया, जो युद्धकालीन संकट के दौरान दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई बातचीत में एक निजी नागरिक की असामान्य उपस्थिति थी। हालांकि भारत सरकार ने इन सारे दावों का खंडन कर दिया था, और सभी रिपोर्ट को गलत बताया।

## सामूहिक महाप्रसाद एवं भक्ति जागरण संध्या आयोजित
### 12 वर्षों सेवा की परंपरा निभा रहा कठौतिया परिवार





निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** गणेशमल कठौतिया परिवार द्वारा श्रद्धा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम पिछले 12 वर्षों से निरंतर सामूहिक महाप्रसाद एवं भक्ति जागरण संध्या का आयोजन करते हुए निभाया जा रहा है। मंगलवार को ओसवाल समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम में लाडनूं सहित आसपास के क्षेत्रों से सर्वसमाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर भक्ति का ऐसा माहौल बना रहा। परिवार के सदस्य विमल कठौतिया ने बताया कि उनके परिवार की पितृ महाराज के प्रति अटूट आस्था रही है, और इसी श्रद्धा के चलते यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है। उनका उद्देश्य समाज में एकता, सेवा और धर्म के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में परिवार के गजराज, नौरतन, अशोक, विमल, मनोज, राकेश, नरेश, जिनेन्द्र, अनुराग, इंद्राज और राजेश कठौतिया का विशेष योगदान रहा। सभी सदस्यों ने मिलकर आयोजन की हर व्यवस्था को सुचारु रूप से संभाला, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल और अनुकरणीय बन गया।उल्लेखनीय है कि हाल ही में परिवार के सदस्य आचार्य श्री महाश्रमण के दर्शन हेतु लाडनूं पहुंचे थे, जहां उन्होंने आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने समाज की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना भी की।

## अनूप जलोटा की भजन संध्या 17 को

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में भक्ति और संगीत का अनूठा संगम 17 अप्रैल को देखने को मिलेगा, जब भजन सम्राट अनूप जलोटा की भव्य भजन संध्या का आयोजन मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में सायं 7 से 10 बजे तक किया जाएगा। इस आयोजन का संचालन हरे कृष्ण मूवमेंट के गुप्त वृन्दावन धाम द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए सनातन धर्म और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए शुभकामनाएं दीं। भजन संध्या में अनूप जलोटा अपने प्रसिद्ध कृष्ण भजनों-जग में सुन्दर है दो नाम और ष्अच्युतम केशवं-की प्रस्तुति देंगे, जिससे हजारों श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त करेंगे।

## राजस्व न्यायिक सेवा कैडर बनवाएंगे : सुशील शर्मा

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के 23 सदस्य पद के लिए चुनाव 22 अप्रैल को होंगे। चुनाव को लेकर प्रदेशभर में सरगर्मियां तेज हो गई हैं और प्रत्याशी अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सदस्य पद के उम्मीदवार सुशील शर्मा झुंझुनू पहुंचे। उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से मुलाकात कर समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने वकीलों के वेलफेयर से जुड़ी अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए बेहतर मेडिकल सुविधाएं और पेंशन व्यवस्था लागू करना, युवा अधिवक्ताओं के लिए राजस्व न्यायिक सेवा कैडर का गठन तथा हर ग्राम पंचायत में युवा वकीलों को लीगल एडवाइजर के रूप में स्टाइपेंड देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्रमुख योजनाओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि राजस्व न्यायिक सेवा कैडर बनेगा तो युवा अधिवक्ताओं को अधिकारी बनने का मौका मिलेगा। आजादी के बाद आज भी प्रशासनिक अधिकारी कानून की जानकारी के बगैर न्यायिक कार्य कर रहे है। जिससे पक्ष-विपक्ष और प्रशासन, तीनों को परेशानियां हो रही है। राजस्व न्यायिक सेवा का गठन होगा तो कानून के जानकार ही न्यायिक अधिकारी बनकर न्याय के सिद्धांत को धरातल पर लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बार काउंसिल द्वारा वकीलों के कल्याण पर जितनी राशि खर्च की जाती है। उतनी ही राशि सरकार से भी दिलाने का प्रयास किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रदेशभर में 239 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां कुल 84 हजार 247 अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। झुंझुनू जिले में करीब 2600 वकील मतदान करेंगे। इस बार 23 सदस्य पदों के लिए 234 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

जिनमें 57 महिला अधिवक्ता भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार पहली दफा पांच महिला सदस्यों का निर्वाचन सुनिश्चित किया जाएगा। चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के दौरे और संपर्क अभियान लगातार जारी हैं। जिससे पूरे प्रदेश में चुनावी माहौल बना हुआ है।

## सभी समाजों को सम्मान देने का कार्य बाबा साहेब अंबेडकर ने किया : चौपड़ा



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रीको स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सम्मान अभियान 2026 के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी की अध्यक्षता में भीमराव अंबेडकर के जीवन पर सचित्र प्रदर्शनी लगाकर संगोष्ठी की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपड़ा ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। जिला संगोष्ठी में बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए रमा चौपड़ा ने कहा कि सभी समाजों और वर्गों को सम्मान देने का कार्य बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने किया। महिलाओं को संघर्ष कर आगे बढ़ाया उसी के परिणामस्वरूप मैं जिला प्रमुख के पद पर कार्यरत हूँ। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में फैली छुआछूत, भेदभाव जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। बाबा साहेब को सच्चा सम्मान सदैव भाजपा ने दिया है। भारत रत्न का सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने दिया। जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब का मूल मंत्र था कि पांव में चप्पल ना हो पर प्रत्येक भारतीय के हाथ में पुस्तक अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने एक शिक्षित समाज की कल्पना की थी। बाबा साहेब के जीवन पर पंच तीर्थ की स्थापना कर भाजपा ने बाबा साहेब को सम्मान दिया। इनके अलावा मंच पर पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़, पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढ़ा व एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र भाटिया रहे। उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा ने किया जबकि धन्यवाद कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र भाटिया ने दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री दलीप सैनी, उपाध्यक्ष सुनील लांबा, अजय चाहर, महावीर ढाका, मंत्री मंजू सैनी, निखिल शर्मा, डॉ सुमन नेमीवाल, प्रवक्ता शेर सिंह निर्बाण, शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, प्रवक्ता संजय मोरवाल, जेपी चौधरी, सोशियल मीडिया जिला संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला, एससी मोर्चा जिला संयोजक पवन मेघवाल, मुरलीमनोहर शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह माँठ, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज श्योराण, एससी मोर्चा शहर अध्यक्ष हरीश गोयल, शंभु नेहरा, विजय चावला, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एससी मोर्चा अशोक चौहान, किसान मोर्चा के राजेन्द्र चौधरी, अनिल स्वामी, मनोहर धूपिया सहित बड़ी संख्या में जिलेभर से भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय संपूर्ण चिकित्सा बंद पूर्णतः सफल रहा

निसं







**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर स्थित नेविक अस्पताल के निदेशक डॉ. सोनदेव बंसल की हाल ही में की गई अनुचित एवं अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, राजस्थान के आह्वान पर राज्यभर में किया गया एक दिवसीय संपूर्ण चिकित्सा बंद पूर्णतः सफल रहा। राज्य के लगभग सभी निजी चिकित्सा संस्थान बंद रहे तथा आरजीएचएस सेवाएँ भी पूर्णतः स्थगित रहीं। यह सांकेतिक हड़ताल एक प्रतिष्ठित चिकित्सक के विरुद्ध केवल कथित लघु प्रक्रियात्मक एवं दस्तावेजीय त्रुटियों के आधार पर सीधे आपराधिक प्रकरण दर्ज कर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी किए जाने के विरोध में आयोजित की गई थी।

इस प्रकार की कठोर कार्रवाई न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि इससे चिकित्सकों के लिए भयमुक्त वातावरण में कार्य करना लगभग असंभव हो जाएगा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन स्पष्ट रूप से चेतावनी देता है कि यदि इस प्रकार की घटनाओं पर तत्काल प्रभावी रोक नहीं लगाई गई, तो इसके व्यापक एवं गंभीर परिणाम सामने आएंगे।

आईएमए राजस्थान द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में निम्न मांगें रखी गई

1. डॉ. सोनदेव बंसल की बिना शर्त तत्काल रिहाई सुनिश्चित की जाए।
2. संबंधित पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई अनुचित कार्रवाई की जांच कर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।
3. इस प्रकार की मनमानी रोकने हेतु पुलिस विभाग को स्पष्ट एवं कठोर दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।
4. आरजीएचएस से संबंधित मामलों में आपराधिक कार्रवाई से पूर्व एक स्पष्ट एवं बाध्यकारी एसओपी लागू की जाए।

साथ ही आरजीएचएस योजना में लंबे समय से चली आ रही गंभीर समस्याओं—जैसे भुगतान में विलंब, अनुचित पेनल्टी, क्लेम्स का मनमाना रिजेक्शन, एम्पैनलमेंट प्रक्रियाओं में अस्पष्टता एवं एसओपी का प्रभावी क्रियान्वयन न होना—के समाधान हेतु चिकित्सकों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की संयुक्त उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए, लंबित भुगतानों का तत्काल निस्तारण किया जाए, सभी लंबित क्लेम्स का 30 दिवस के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा तैयार एसओपी को सख्ती से लागू किया जाए। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जब तक आरजीएचएस से संबंधित समस्याओं का संतोषजनक समाधान नहीं होता, तब तक आरजीएचएस सेवाओं का स्थगन जारी रहेगा। आईएमए राजस्थान यह भी स्पष्ट करता है कि यदि उपरोक्त मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई, तो राज्य के चिकित्सा संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल सहित अन्य कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं प्रशासन की होगी। अंत में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, राजस्थान राज्य के नागरिकों से एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल से हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है एवं उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट करता है। यह कदम अत्यंत विवशता में, चिकित्सा पेशे के सम्मान एवं सुरक्षा की रक्षा हेतु उठाया गया है। आईएमए राजस्थान राज्य के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

## कोबरी-सार



# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ भामसं के तत्वाधान में बीएमएस कार्यालय नोखा में भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम व हर्सोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता असंगठित विद्युत श्रमिक धूड़ाराम नायक ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिशाषी अभियंता नोखा सत्यवीर सिंह चौधरी रहे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पाँचू प्रेमदान सिंहढायच ने बाबा साहेब के बारे में विस्तृत प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षा, जीवनी, संघर्ष व संविधान निर्माण से लेकर राष्ट्र हित मे किये गए ऐतिहासिक कार्यों को बताया। राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री व राष्ट्रीय सदस्य चुन्नीलाल राजस्थानी ने बाबा साहब द्वारा श्रमिक हित मे श्रम मंत्री रहते हुए किये कार्यों को बताया साथ ही आरबीआई की स्थापना, विद्युत ग्रिड सिस्टम, जल परियोजनाओं, नारी उत्थान आदि क्षेत्र में किये कार्यों को विस्तृत बताया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता पवस प्रमोद कुमार बारूपाल, सहायक अभियंता ग्रामीण अकरम अली, कनिष्ठ अभियंता धीरेंद्र धवन, कनिष्ठ अभियंता अंकिता निगम, कनिष्ठ अभियंता प्रेरणा गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता विनोद पुरोहित, सहायक राजस्व अधिकारी गौरी शंकर उपाध्याय, सहायक राजस्व अधिकारी दीपक शर्मा, अभियांत्रिकी पर्यवेक्षक सुरेंद्र कुमार, निवर्तमान पार्षद जगदीश मांझू, कनिष्ठ अनुदेशक भारमल भादू, राष्ट्रीय युवा विकास संगठन के जिलाध्यक्ष गणेश तालनिया, दिनेश मोदी आदि ने भी विचार रखे। राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेमसुख बिश्नोई, जोधपुर डिस्कॉम श्रमिक संघ के डिस्कॉम कार्यसमिति सदस्य भंवर सिंह बिदावत-भीमसेन भाटी, भामसं कार्यकारी जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार छिंपा, नोखा अध्यक्ष बजरंग खीचड़, महामंत्री धन्नाराम कुलड़िया, महामंत्री वितरण उपखण्ड सीताराम तर्ड, कोषाध्यक्ष गोपीकिशन छिंपा, महेश पारीक, सुरेन्द्र सिंह, मनीष पारीक, उमर अली, महेश मीणा आदि ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर योगी अनिलनाथ, नितिन शर्मा, महादेव नाई, बजरंग डेलू, दुलीचन्द स्वामी, गणेश रांकावत, राजाराम सेन, जावेद खान, रणवीर सिंह, ओमप्रकाश कुमावत, मुमताज अली, जगदीश गोदारा, हरिराम लेखाला, अमनदीप शाक्य, सुंदरलाल मेघवाल, राजकुमार चौधरी, ईश्वरलाल मीणा, देवकिशन सोलंकी, श्रवण गहलोत, बेनीमाधव शर्मा, हरिराम पँवार, कैलाश बागड़ी, पवन कुमार मेहरा, बगताराम भादू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब अम्बेडकर को पुष्प अर्पित कर याद किया। वही दूसरी और डॉ बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की करते हुवे भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी, महान समाज.सुधारक एवं सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर डॉ बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया। बाबासाहेब ने आजीवन समाज में समानता और समरसता बढ़ाने के लिए कार्य किया। उनका संपूर्ण जीवन वंचित वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम में गणमान्य जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति कार्यक्रम के दौरान जन अधिकार सेना के प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा, तहसील अध्यक्ष बाबूलाल ब्यास, मुकेश मेघवाल, अनिल मेघवाल एवं दिनेश मेघवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राष्ट्रीय टीम से राण्अध्यक्ष राज विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष विजय यादव ने राजस्थान टीम से नरेंद्र भूषण, बीरबल, दयासिंह, व अन्य समस्त जनसेवकगण ने देशवासियों को बाबा साहेब के जयंती की शुभकामनाएं दी साथ ही साथ सर्व समाज को एकजुट रहने की अपील भी की। इस मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारीयो ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबासाहेब एक महान विचारक होने के साथ-साथ देश की अनेक संस्थाओं के निर्माता भी थे। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने असाधारण उपलब्धियां हासिल कर राष्ट्र निर्माण में अमिट योगदान दिया। बाबा साहेब को संगठन के पूरी टीम के तरफ से नमन किया। अम्बेडकर जयंती के पावन अवसर पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर ने आम्बेडकर सर्किल पहुंचकर डॉ भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं भावपूर्ण नमन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आम्बेडकर ने हमें स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का जो मार्ग दिखाया, उस पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्हें कोटि-कोटि नमन। बाबा साहेब का जीवन, उनका संघर्ष और उनके द्वारा प्रदत्त संविधान प्रत्येक भारतीय के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

## चम्पा बाजोर महिला कल्याण पुरस्कार से सम्मानित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला प्रशासन, सीकर व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त त्वावधान में बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर जयंती के मौके पर जिला कलक्टर सभागार में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला कलक्टर आशीष मोदी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उप निदेशक प्रियंका पारीक, उप जिला प्रमुख ताराचन्द धायल, एडीएम रतन कुमार द्वारा बाजोर फाउण्डेशन सीकर की संरक्षक चम्पा बाजोर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर डॉ. बी. आर. अम्बेडकर महिला कल्याण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए बाजोर फाउण्डेशन सीकर के संस्थापक मोहन बाजोर ने बताया कि चम्पा बाजोर को बाबासाहेब द्वारा संविधान में प्रदत्त महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरुकता लाने, उमहिला कल्याण हेतु बाबासाहेब के सिद्धांतों को आम महिला तक पहुँचाने हेतु उत्कृष्ट करने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भीम सेना संस्थापक अनिल तिड़दिया, सुरेश दानोदिया, वीना वर्मा, पूर्व प्रधान सन्तोष वर्मा, रामदेव बरवड़, अम्बेडकर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सीताराम खारिया, राजेश कटारिया, बीरबल सिंह बरवड़, भागीरथ सिंह पालीवाल, अशोक वर्मा राधाकिशनपुरा, जितेन्द्र देवठिया, अनु सरोवा, नीलम चौधरी, ममता मीणा, किरण वर्मा, हेमलता वर्मा, शकुंतला बाजोर, अशोक मीणा, सुरेन्द्र दानोदिया, अशोक वर्मा, भरत सिंह तानाण, महेन्द्र मौर्य, राजेश बाकोलिया, नरेश सैनी बैरी, होशियार सिंह, कमल कटारिया, विकास दानोदिया, भँवरसिंह खाखोली, घनश्याम वर्मा प्रकाश लूणा, अनिल बाजोर, सुभाष बाबू, आरिफशेख, जितेन्द्र ढाका, सुशील शर्मा, आदि ने बधाई प्रेषित की।

## बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता पाईवाल का किया स्वागत



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता भवानी पाईवाल के सरदारशहर पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि उनका यह दौरा निजी कार्यक्रम के तहत था। इस दौरान मीडिया से बातचीत में भवानी पाईवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी द्वारा लाया गया यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला निर्णायक प्रयास है। उन्होंने बताया कि इस संवैधानिक संशोधन के तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जिससे देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर समाजसेवी दुर्गाप्रसाद शर्मा, शिक्षाविद जितेंद्र शर्मा तथा एबीवीपी पूर्व प्रांत प्रमुख माया शर्मा सहित कई गणमान्य लोगों ने भवानी पाईवाल का स्वागत किया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर ने दिलाया बराबर का दर्जा : गुप्ता




निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के प्रशासन भवन परिसर में मंगलवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। इस दौरान डिजीटल एलईडी का भी उद्घाटन किया। समारोह के मुख्य अतिथि केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केसीसी महाप्रबंधक खदान पीडी बोहरा, महाप्रबंधक मानव संसाधन एस शिवदर्शी, महाप्रबंधक सांद्रण वीके इंद्रा, एस गुहा, मनीष गवई, सजूसी सेम, मयूख चटर्जी, ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना, केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी, केसीएमएस महामंत्री श्यामलाल सैनी मौजूद थे। अतिथियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अपिर्त कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जीडी गुप्ता ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सब को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर विविधता लिए भारत देश को एक मजबूत किया साथ ही सभी महिलाओं और पुरुषों को अच्छी शिक्षा लेकर आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया है। विपिन शर्मा एवं मुन्नालाल जैदिया ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अतिथियों ने डिजीटल एलईडी का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इसी प्रकार केसीसी के अंबेडकर पार्क में भी डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजी दी। इस अवसर पर वीबी गुप्ता, विपिन शर्मा, डॉ गोपाल राठी, विनय त्यागी, देवेंद्र वर्मा, राजा आशिष, मनोज लमोरिया, बाबूलाल सैनी, पार्वती देवी आदि ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## एनएफएसए लाभार्थियों से संवाद और जन सुनवाई आज

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा की पहल पर बुधवार को नोखा नगर पालिका में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों से संवाद और जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संवाद प्रात: 11:30 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा तथा इसके पश्चात दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक जनसुनवाई होगी। गोदारा ने बताया कि प्रदेश में चले गिव अप अभियान के तहत 55 लाख से अधिक लोगों के स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ा, जिससे 77 लाख नए लाभार्थियों को उनका हक मिल सका है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नोखा के लाभार्थियों से संवाद होगा। इसके पश्चात जनसुनवाई होगी। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है गोदारा द्वारा जिला स्तर से लेकर ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर तक नियमित जनसुनवाई करते हुए आमजन के परिवादों का निस्तारण किया जा रहा है।

## रैगर समाज की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर रैगर समाज भवन में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना था, जिन्होंने हाल ही में आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम गौरवान्वित किया। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में शानदार अंक प्राप्त करने वाली छात्र-छात्राओं को माला, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में हनुमान मल रैगर, आशाराम, मदनलाल पटवारी, नोरतनमल रैगर, प्रिंसिपल जयनारायण रैगर, छगनलाल मौर्या सहित समाज के कई गणमान्य एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## अम्बेडकर जयंती पर संविधान की रक्षा का लिया संकल्प



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग द्वारा अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में श्याम नगर स्थित ओबीसी मुख्यालय पर पुष्पांजलि समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ओबीसी कांग्रेस राजस्थान के चेयरमैन हरसहाय यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण में बाबा साहेब का योगदान अतुलनीय है और उनका बनाया संविधान आज भी देश की मजबूती का आधार है। इस अवसर पर संगठन महासचिव सागर मवार ने कहा कि संविधान की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से एकजुट होकर राष्ट्रीय हित में कार्य करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में करण सिंह खाचरियावास ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता बताई। संगोष्ठी में रोहिताश जांगिड़, कृष्ण सोलंकी, नरेंद्र मारवाल, अमरचंद मंडावरा, सवेरा टांक, सरिता चौधरी, भारती कुमावत, अरविंद जायसवाल, अंकलेश जाखड़, रजनी महारवाल, इजरार खान, शंकर बाजडोलिया, मनीषा चौधरी और रणजीत भार्गव सहित अनेक पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में समानता, न्याय और संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकाली स्कूटी-बाइक रैली




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** केंद्र की भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम के समर्थन में गुलाबी नगरी में महिलाओं का उत्साह देखने को मिला। सोमवार को आमजन की महिलाओं ने एकजुट होकर स्कूटी और बाइक रैली निकालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। यह रैली विद्याश्रम स्कूल, जेएलएन मार्ग से शुरू होकर टोंक रोड होते हुए अमर जवान ज्योति पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में महिलाओं ने तख्तियां और नारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। रैली में शामिल महिलाओं ने कहा कि प्रस्तावित अधिनियम के तहत महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से उनकी भागीदारी और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। यह कदम समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसे पूरी तरह आम समाज की महिलाओं ने आयोजित किया, जिसमें जनसहभागिता प्रमुख रूप से देखने को मिली। भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर और महिला मोर्चा ने व्यवस्थागत सहयोग प्रदान किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। वहीं जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में युगांतकारी कदम बताया। रैली के दौरान सुरक्षा और यातायात की समुचित व्यवस्था रही।

जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अमर जवान ज्योति पहुंचकर महिलाओं ने एकजुटता का संदेश दिया और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## एसडब्ल्यूएलए सीजन-8 का भव्य आयोजन में वेडिंग-लाइफ स्टाइल इंडस्ट्री की उत्कृष्टता का सम्मान

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी एक बार फिर वेडिंग एवं लाइफस्टाइल इंडस्ट्री के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरी, जब शुभ वेडिंग एंड लाइफस्टाइल अवॉर्ड्सद्ध सीजन 8 का भव्य आयोजन आगरा रोड स्थित एस्थेरिया रिसोर्ट एंड स्पा में किया गया। आयोजन के संयोजक राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया कि एलिगेंस, प्रतिष्ठा एवं उत्सव की संध्याश् थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में एक्सीलेंस, इनोवेशन और क्रिएटिविटी का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य इंडस्ट्री में उच्चस्तरीय नेटवर्किंग, संवाद और उत्कृष्ट सेवाओं को मंच प्रदान करना रहा।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में ऋतुराज खन्ना सीईओ, क्यू इवेंट उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अजय शर्मा, रजत सेठी, सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, प्रशांत दुबे, विनीत जैन, सुजाता भंडारी, पी.पी. खन्ना, रजत साहनी, डॉ. शोभा तोमर, रजनी नायर देब, राहुल भगत, कल्पित डंगायच और आनंद सांडिल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में होटल एवं हॉस्पिटैलिटी श्रेणी में फेयरमोंट जयपुर, ब्यूना विस्टा लग्जरी गार्डन स्पा रिजॉर्ट, एस्थेरिया रिजॉर्ट जयपुर, डबल ट्री बाय हिल्टन आगरा, हिल्टन जयपुर, हेइवा हेवन रिजॉर्ट, द फर्न हैबिटैट, आर चंद्राज पैलेस, द फर्न नेस्ट रिजॉर्ट, बैम्बू सा सनराइज वेडिंग एंड वेलनेस रिजॉर्ट, नवल नेचर केयर रिजॉर्ट, व्हाइट कैंडल एंड स्पा, ज्वेल्स रिजॉर्ट और होटल विनी-खंडेलवाल रेस्तरां को सम्मानित किया गया। इवेंट एवं वेडिंग प्लानिंग श्रेणी में विनीत जैन क्रिएशन्स, प्लानर इंडिया इवेंट, एसपी इवेंट एंड प्रोडक्शंस, डेस्टिनेशन विवाह, 7 वाउज इवेंट्स, कल्याणी इवेंट्सए एचपी टेंट एंड इवेंट पुष्कर सहित कई संस्थानों को सम्मान मिला। वहीं क्रिएटिव और एंटरटेनमेंट क्षेत्र में एनडीसी नरेश डांस कंपनी, वीजे शॉट एंड एंटरटेनमेंट, जोहन खान बैंड, मधु एस भाट, नीर बैंड, ब्लूमिंग बड्स, ऑडियो बीट, कटारिया लाइट डेकोर, प्रदीप फायरवर्क्स और अन्य प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। यह आयोजन वेडिंग एवं लाइफस्टाइल इंडस्ट्री के लिए नेटवर्किंग, नवाचार और उत्कृष्टता का महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा, जहां देशभर के पेशेवरों ने अपने कार्यों और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया।

## दो तस्कर डोडा व स्मैक सहित पकड़े

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देश में नोखा पुलिस लगातार एक्टिव मोड में है। ऑपरेशन नीलकंठ के तहत कारवाई नोखा पुलिस ने नोखा थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर कारवाई कर दो तस्कर गिरफ्तार किए। थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज ने बताया की रासीसर गांव से 35 किलो डोडा पोस्त के साथ रमेश बिश्नोई गिरफ्तार किया। वही नागौर जिले के सतेरण गांव निवासी रामस्वरूप बिश्नोई के पास से 2 .11ग्राम स्मैक बरामद की। दोनों तस्करों को खिलाफमामला दर्ज किया। नोखा पुलिस ने कल आईपीएल क्रिकेट सट्टे का भंडाफोड़ करके पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया था। एसआई तनसुखराम, एस आई मोहनलाल, कांस्टेबल सतीश, मोहर सिंह, बाबूलाल, रामेश्वर लाल, जेठू सिंह, बलवीर, शिवचरण, हीरालाल ओर संजना शामिल रहे। छापे में कांस्टेबल तेजाराम और रामेश्वर की विशेष भूमिका रही।

## अंबेडकर जयन्ती महोत्सव में शिक्षा, समानता और नारी सशक्तिकरण पर मंथन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित चार दिवसीय अंबेडकर-फूले विचार क्रांति महोत्सव 2026 का समापन आमसभा और जयंती महोत्सव के साथ हुआ। कार्यक्रम में सोसायटी अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने बालिकाओं के लिए 100 कमरों के छात्रावास निर्माण की योजना की घोषणा करते हुए प्रथम चरण में 50 कमरों के निर्माण का ऐलान किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। महोत्सव के दौरान नारी शक्ति की रैली विशेष आकर्षण रही, जिसमें महिलाओं ने बाबा साहेब के सम्मान में मार्च निकालकर समानता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि गणेश राम मीणा राजस्थान उच्च न्यायालय न्यायाधीश ने कहा कि बाबा साहेब का संदेश शिक्षित और संगठित समाज का निर्माण करना था। वहीं अन्य वक्ताओं ने उनके विचारों और रचनाओं पर शोध की आवश्यकता बताई। चार दिवसीय आयोजन के दौरान शिक्षा, आरक्षण और नारी सशक्तिकरण जैसे विषयों पर मंथन किया गया।

कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी हुआ। समारोह में हजारों लोगों की भागीदारी रही, जहां समाज में समानता, शिक्षा और सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## अंबेडकर जयंती पर महासंघ ने बाबा साहेब के विचारों को किया याद

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ के प्रदेश कार्यालय में अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नार्थ जोन चेयरमैन एवं प्रदेशाध्यक्ष राजपाल मीणा ने कहा कि बाबा साहेब ने पिछड़े भारत को आधुनिक भारत में बदलने की मजबूत नींव रखी। प्रदेश प्रवक्ता सुख लाल टाटू ने उन्हें लोकतंत्र का शिल्पकार बताते हुए उनके योगदान को याद किया। युवा प्रदेशाध्यक्ष दिनेश सिंह बीरठ ने कहा कि बाबा



साहेब ज्ञान के प्रतीक के रूप में विश्वभर में पहचाने जाते हैं।

वहीं प्रदेश सचिव हरिमोहन टोडाभीम ने बताया कि उन्होंने संविधान के माध्यम से दलित, शोषित, वंचित, आदिवासी एवं महिलाओं को समानता और न्याय का अधिकार दिलाया। प्रोफेसर विजय सत्तावन ने बाबा साहेब के नारी उत्थान के प्रयासों को रेखांकित करते हुए महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर रवि मीणा कठुमर, अमन जोरवाल, पुष्पेंद्र सिंह जाटव, हरिमोहन खिलचीपुर, रोहित, मेनेजर सिंह बैसला, रामावतार शेरावत और डॉ. राजेंद्र बसंल सहित कई वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में सभी ने उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता व न्याय को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# सैन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा स्थित नारायणी माता मंदिर में मंगलवार को श्री सैन समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में संत शिरोमणि श्री सैन महाराज की 726वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह सवा आठ बजे विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ हुआ। भामाशाह देशराज, कृष्ण कुमार भाटी, सुधीर कुमार, निशा देवी, सुनील कुमार एवं गायत्री देवी की मुख्य यजमानि में पंडित कैलाश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा एवं हवन संपन्न कराया। इसके बाद सवा ग्यारह बजे श्री सैन महाराज को प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुशील सैन, महामंत्री विनोद भराला सहित श्रवण कुमार, महेश दिनोदिया, नरोत्तम, बंसतलाल, ओमप्रकाश चौहान, गिरजा शंकर, नरेश, राजकुमार, महेश पनिहार, ओमप्रकाश, कैलाश, दामोदर, बलराम, धनपति देवी, बंसती देवी, कमला देवी, सिद्धी, संगीता देवी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती मनाई



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बुगाला स्थित अम्बेडकर भवन में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। अध्यक्षता हवलदार मूलचंद बधालिया ने की। मुख्य अतिथि शीशपाल माहिच रहे। प्यारेलाल माहिच ने बताया कि इस दौरान ग्रामीणों व समाज के लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने अपना जीवन समाज में समानता, शिक्षा और न्याय के लिए समर्पित किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण किया जा सकता है। अम्बेडकर जयंती हर वर्ष 14 अप्रैल को उनके जन्मदिवस के रूप में मनाई जाती है जो सामाजिक न्याय और समानता के संदेश को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। इस अवसर पर बच्चों और युवाओं द्वारा देशभक्ति व सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अंत में सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर इंद्राज सिंह, मुकेश, सुनील, सुरेश, विक्रम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती पर निकली भव्य रैली



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजलदेसर में भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली मेघवाल भवन नव स्थापित अम्बेडकर प्रतिमा स्थल से रवाना हुई जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए आथुना बास पहुंची। रैली में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। डीजे रथ के साथ युवा पूरे उत्साह के साथ जय भीम के नारे लगाते हुए शामिल हुए, जिससे पूरा कस्बा गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे रैली शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रैली के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सैकड़ो व्यक्ति मौजूद रहे।

# सेन जयंती मनाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पावन जयंती के शुभ अवसर पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर ने जयंती समारोह में सादर उपस्थित होकर अपनी श्रद्धा व भक्ति प्रकट की। इस अवसर पर उन्होंने संत शिरोमणि सेन जी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण नमन किया। झंवर ने कहा कृ संत शिरोमणि सेन महाराज ने अपने जीवन में मानवता, सेवा और भक्ति का जो दिव्य संदेश दिया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। संत शिरोमणि सेन महाराज का पूरा जीवन समाज सेवा, समरसता और ईश्वर भक्ति को समर्पित रहा। उनकी शिक्षाएं आज भी जन-जन के हृदय में जीवित हैं।

# समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन समर्पित किया : सहारण

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, अनूपगढ़ पूर्व विधायक संतोष बावरी, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान व देश-निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। इस दौरान चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आज का दिन हमें समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया था, और हमें उनके इस संदेश को अपनाकर शिक्षा के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि डॉ अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समर्पण का प्रतीक है। डॉ अंबेडकर का संविधान आज भी देश को एकता के सूत्र में बांधे हुए है और यह हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है। हम बाबा साहेब के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लें व संविधान के मूल्यों को समझें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस दौरान अनूपगढ़ के पूर्व विधायक संतोष बावरी, पूर्व जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, बसंत शर्मा, सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ भागचंद खारिया, चूरू एसडीएम सुनील कुमार, डीईओ माध्यमिक किशनलाल गहनोलिया, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह, विक्रम कोटवाद, सुरेश सारस्वत, सीताराम लुगरिया, अजीत, नरेंद्र कंवल, गिरिराज सिंह, मोहन गढ़वाल, धर्मेंद्र राकसिया, भंवरलाल गुर्जर, गजानंद खेड़ीवाल, जगदीश खेड़ीवाल, डॉ निरंजन चिरानिया, डॉ जेपी माहिच, गोपाल बालाण, रजत शर्मा, नितिन हटवाल, विनय सोनी सहित अन्य उपस्थितों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सांवता राम बरोड़ ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया और उपस्थित सभी ने संवैधानिक आदर्शों को अपनाने और मौलिक कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया।

# अम्बेडकर जयंती पर निकली रैली का रावणा राजपूत समाज ने किया स्वागत

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** रावणा राजपूत समाज की ओर से मंगलवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर निकाली गई रैली के दौरान सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। रावणा राजपूत समाज की ओर से सीकर के सूरजपोल गेट पर रैली का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। रावणा राजपूत समाज के युवा प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि रैली में शामिल लोगों को शीतल पेय छाछ पिलाई गई। इसी दौरान सभी का बाबा साहब अमर रहे के नारों से जोश बढ़ाया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सिंह शेखावत ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज समरसता का संदेश देते है। भाजपा नेता अधिवक्ता हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि सभी समाजों के महान महापुरुषों की जयंती पर सभी समाजों की ओर से स्वागत कर कार्यक्रम आयोजित कर सनातन की एकता का परिचय देना चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद सम्पत सिंह, आनंद सिंह कच्छावा, जगदेव सिंह पंवार, विक्की चौहान, देवेन्द्र सिंह खेजडोलिया, देवेन्द्र सिंह निर्वाण, अजयपाल सिंह, राकेश सिंह, घनश्याम सिंह, रविन्द्र सिंह चौहान, कपिल सिंह परिहार, अभिषेक सोलंकी, उम्मेद सिंह गहलोत, नटवर सिंह, राजेन्द्र सिंह कच्छवा, वीरेंद्र शेखावत, योगेन्द्र चौहान, सुरेंद्र चौहान, जितेंद्र बड़गुजर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जयन्ती मनाई



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे के अंबेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। डॉ भीमराव अंबेडकर सेवा समिति रजि के तत्वावधान में अंबेडकर पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये गये। कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव मदन लाल टाक ने डॉ भीम राव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमे उनके विचारो आदर्शों को आत्मसात कर समाज, देश का उत्थान करना चाहिए। इस दौरान स्वतंत्रता सैनानी कालिदास स्वामी व निवर्तमान उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि सविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने संसार का सबसे बड़ा संविधान लिख कर इतिहास बनाते हुए हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहे है। सदीप डांडिया ने डॉ साहेब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान रामअवतार डेनवाल, सुरेन्द्र महरिया, मदन लाल वर्मा, सीताराम कुलदीप, रामअवतार घोघलिया, मनोज टांक, रामपाल टाक, पीटू टाक सहित अनेक लोग मौजूद थे। इस दौरान कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया गया।

# 16 साल की अव्याना का कमाल, जयपुर की बेटी बनी पर्यावरण की मिसाल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी की 16 वर्षीय अव्याना मेहता कम उम्र में ही लेखनए सामाजिक उद्यमिता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बना रही हैं। वह एक उभरती हुई लेखिका, सोशल एंटरप्रेन्योर और एनवायरमेंटल एडवोकेट के रूप में देशभर में चर्चित हो रही हैं। अव्याना प्लास्टिक2बिल्ड नामक अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन की संस्थापक हैं, जो 17 से अधिक स्थानों पर सक्रिय है। इस पहल के जरिए अब तक 3,000 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक का पुन: उपयोग किया जा चुका है और 150 से अधिक वॉलंटियर्स इससे जुड़े हैं। उनकी लिखी पहली पुस्तक द एफर्ट में उन्होंने सस्टेनेबल व्यवसायों और सामाजिक संस्थाओं की प्रेरक कहानियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है।

इसके साथ ही वह सस्टैनिफाई360 नामक पॉडकास्ट भी होस्ट करती हैं, जिसमें पर्यावरण और सतत विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होती है। अव्याना प्लास-स्टिक रिसर्च पहल का भी नेतृत्व कर रही हैं, जिसमें इमली-आधारित फिल्टर विकसित किए जा रहे हैं, जो पानी से माइक्रोप्लास्टिक हटाने में सहायक हैं। इसके अलावा वह ग्रीनलिंक सस्टेनेबिलिटी कंसल्टेंसी के माध्यम से संस्थाओं को पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने में मार्गदर्शन देती हैं। संगीत के क्षेत्र में भी अव्याना ट्रिनिटी-सर्टिफाइड ओपेरा और वायलिन परफॉर्मर हैं, जो उनकी बहुआयामी प्रतिभा को दर्शाता है। गौरतलब है कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 में अव्याना सबसे कम उम्र की वक्ताओं में शामिल रहीं, जहां उन्होंने क्लाइमेट एक्शन एंड एनर्जी ऑल्टरनेटिव्स विषय पर अपने विचार साझा किए। कम उम्र में बड़े बदलाव की यह पहल साबित करती है कि दृढ़ संकल्प और नवाचार के जरिए युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है।

# धूमधाम से मनाई संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर जयंती

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड कार्यालय के सामने खेतड़ी जनसेवा समिति की ओर से मंगलवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। मुख्य अतिथि बनवारी लाल मावर थे जबकि अध्यक्षता पंडित राजकुमार व्यास ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनवारी लाल मावर ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सब को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर विविधता लिए भारत देश को एक मजबूत किया साथ सभी महिलाओं और पुरुषों को अच्छी शिक्षा लेकर आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है, जो शायद ही कहीं और देखने को न मिले। उन्होंने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने प्रारंभिक शिक्षा लेने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा लेकिन अंबेडकर ने न केवल उच्च शिक्षा हासिल की बल्कि स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के नाम अर्पित कर दिया था। उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक बुराइयों जैसे छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया। खेतड़ी में ट्रस्ट की नितियों के खिलाफ पिछले 27 दिन से धरना चल रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने धरना स्थल पर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, अरविंद सिंह निर्वाण, राजेश सांखला, गजेंद्र पारीक, सुधीर गुप्ता, मन्ना लाल सैनी, कैलाश, विजय सिंह सैनी, सुरेश चंद सैनी, भूपेंद्र सिंह सोढा, सुरेश शाह, किरण कुमार जांगिड़, सुगनराम, दिनेश कुमार, श्याम सिंह, निकेश पारीक, जुगल किशोर सैनी, हरमेंद्र चनानिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# ताले तोड़कर नकबजनी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया संपूर्ण जेवरात भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजिता शर्मा ने रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले आरोपी पिन्टू जाटव 24 निवासी भरतपुर, विशाल बैरवा 20 निवासी फागी जिला जयपुर और राहुल कुमार 28 निवासी बूंदी को गिरफ्तार किया। इनमें से पिन्टू जाटव और विशाल बैरवा के खिलाफपूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मौज-मस्ती और लग्जरी जीवनशैली के लिए चोरी की वारदातें करते थे।

ये दिन में कॉलोनियों में घूमकर ताले लगे मकानों की पहचान करते और रात में ताले तोड़कर नकबजनी को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने.चांदी के विभिन्न आभूषण, जैसे अंगूठी, झुमके, मांगटीका, पायल, बिछिया, लॉकेट, सिक्के व देवी-देवताओं की मूर्तियां सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है। इस कार्रवाई में रामनगरिया थाने की विशेष टीम के कांस्टेबल राहुल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई, संगोष्ठी में विचार रखे

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नगर स्थित कांग्रेस सांसद कार्यालय में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके जीवन, विचारों और योगदान पर केंद्रित एक विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झुंझुनूं सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ अंबेडकर के संघर्षमय जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान और संविधान निर्माण में उनकी अहम भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। सांसद ओला ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है और उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता, भाईचारा और न्याय की स्थापना संभव है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अंबेडकर की शिक्षा और विचारधारा को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष खलील बुडाना के मार्गदर्शन में किया गया। वहीं गिडानिया कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह महला और झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ अंबेडकर के सामाजिक समरसता, शिक्षा के महत्व और अधिकारों के प्रति जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है, जिससे आज की पीढ़ी को सीख लेने की जरूरत है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन तयब अली, पूर्व जिला प्रमुख एडवोकेट मदन सिंह गिल, शिक्षाविद् कुरडाराम धींवा, जगदीश सिहाग, कर्मवीर कुलहरि, राकेश झाझड़िया, अमर सिंह रेप्सवाल, धर्मपाल सिंह, रघुवीर सिंह, राकेश कुमार, शुभम, नवीन, विजय सिंह, विपिन, साहिल, युवराज चौधरी, अमित कुमार, प्रेम कसवा, पंकज देग, सलीम कबाड़ी, मनोज कुलहरि, रिजवान खान, राहुल जाखड़, सलीम चौहान चेजारा, खलील चेजारा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील झाझड़िया, आदिल कबाड़ी, दयानंद सैनी, जयपाल जांगिड़, शुशांक चौधरी, मोहम्मद यूसुफ, सुरेश बुडानिया, पार्षद प्रतिनिधि जुबेर सैयद, मंडल अध्यक्ष मुमताज अली, मोहम्मद यूसुफ, यूनुस रहमानी, अदनान, उमर कुरेशी, विजय सिंह लाखलान, राकेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और न्याय स्थापित करने का संकल्प लिया।

# भाजपा की जिला संगोष्ठी में बाबा साहेब के विचारों को अपनाने का आह्वान




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर पार्टी कार्यालय में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई और डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता निहालचंद मेघवाल प्रदेश अध्यक्ष, एससी मोर्चा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सामाजिक न्याय और समानता की विचारधारा का प्रतीक बताया। जयपुर शहर प्रभारी प्रभु लाल सैनी ने केंद्र सरकार के बजट को सामाजिक न्याय के सिद्धांतों से जोड़ते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में नवरतन नराणिया, रेखा राठौड़, राजेश तांबी, सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी, अजय यादव, नीलू शर्मा जांगिड़, प्रिया ज्ञानानी, जी राम मीणा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंत में सभी ने सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## सम्पादकीय

# मादरो के बुने जाल में फंस गए ट्रंप!



इंडियन जलवा उस दिन पूरी तरह कायम होगा जब सुपरमैन किसी इंडियन शादी में करोड़ों लेकर डांस करेगा और डायलॉग बोलेगा—'ईरान की मिसाइल से डर नहीं लगता साहब, इंडियन शादी में फूफाजी के नाराज़ होने से डर लगता है।' उस दिन भारत सही मायनों में विश्वगुरु बनेगा।


दुनिया में इस हफ्ते बहुत कुछ हुआ। ट्रंप ने मादुरो को हड़काया, सुपरमैन ने धुरंधर से प्रेरणा ली, डेविड वॉर्नर कराची की सोहबत में बिगड़े, मुंबई इंडियंस ईवीएम ढूंढ़ने लगे, और सलमान-राजपाल ने जेल के शोले की स्क्रिप्ट तैयार कर ली। यह सब अलग-अलग नहीं है —यह एक ही बड़ी कहानी के अलग-अलग अध्याय हैं। कहानी यह है कि दुनिया में ताकतवर लोग छोटी जीत पर इतराते हैं और बड़ी हार को नज़रअंदाज़ करते हैं।

शुरू करते हैं ट्रंप और मादुरो से। अमेरिकी जेल में बंद वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति मादुरो को ट्रंप ने जरूर हड़काया होगा कि—'तेरे चक्कर में फंस गए हम। तू दो घंटे में पकड़ में आ गया, और यहां दो महीने हो गए ईरान को न पकड़ पा रहे। तूने ऐसा क्यों किया? तू ईरान का एजेंट तो नहीं?' यह सवाल गहरा है। असली एजेंट वही होता है जो दुश्मन को छोटी जीत देकर बड़े जाल में फंसाए।

करीब 20 दिनों में धुरंधर टू ने दुनियाभर में 1600 करोड़ से ऊपर का कारोबार कर लिया। इंडियन सिनेमा का डंका बज रहा है। खबर है कि अब अमेरिकन सुपरमैन ने दरख्वास्त दी है कि वह धुरंधर स्टाइल में मार मचाएगा। इंडियन जलवा उस दिन पूरी तरह कायम होगा जब सुपरमैन किसी इंडियन शादी में करोड़ों लेकर डांस करेगा और डायलॉग बोलेगा—'ईरान की मिसाइल से डर नहीं लगता साहब, इंडियन शादी में फूफाजी के नाराज़ होने से डर लगता है।' उस दिन भारत सही मायनों में विश्वगुरु बनेगा। अब सोहबत का मामला। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम कराची किंग्स से जुड़े ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया में दारूबाजी करके ड्राइव करने के अपराध में धरे गए। ज्ञानी कहते हैं —सोहबत सही रखनी चाहिए। कराची का असली किंग तो आतंकी दाऊद इब्राहिम है। डेविड भाई, अगली बार कहीं बमबाजी के अपराध में न धर लिए जाएं। सोहबत सही रखनी चाहिए। आईपीएल में भी न्याय की मांग उठी। मुंबई इंडियंस को राजस्थान रॉयल ने हरा दिया। बहुत बेज़्ज़ती की बात है। किसी ज्ञानी ने सुझाया—'आरोप लगा दो, ईवीएम खराब थी। वरना हमारी चीयरलीडरों का डांस राजस्थान रॉयल के मुकाबले कहीं बेहतर था। डांस के बोनस रन मिलते तो हम जीतते।' ईवीएम का दायरा अब क्रिकेट तक पहुंच गया है। लोकतंत्र सच में बहुत लचीला है। और अंत में, जेल के शोले। पहले जेल गए सलमान खान ने हाल में जेल से लौटे राजपाल यादव से कहा, 'जेल आने-जाने की चिंता नहीं करनी। शोले के जय और वीरू भी जेल से निकले थे। मैं भी पहले वांटेड की तरह गया, फिर दबंग हो गया। अब नई फिल्म बनाएंगे—जेल के शोले।' राजपाल यादव ने एक ही चिंता जताई—'डर यह है कि हर धमाके को अपना पेटेंट बताते हुए ट्रंप कहीं रॉयल्टी न मांग ले। ट्रंप तो रामगढ़ में गब्बर के अड्डे को भी ट्रंप टावर बना सकते हैं।'

## विशेष आलेख

# जंगलों की कम होती ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने की क्षमता



जंगल कार्बन सिंक का काम करते हैं, वे जितना कार्बन छोड़ते हैं उससे कहीं ज्यादा मात्रा में उसे हटाते हैं। धीरे-धीरे बढ़ने वाले घने पेड़ों ने दशकों तक तनों में कार्बन को बंद रखा, क्योंकि ठोस लकड़ी के हर इंच में ज्यादा पदार्थ समा सकता है। तेजी से बढ़ने वाले पेड़ अक्सर कम उम्र में मर जाते हैं। उनके तने हल्के होते हैं, इसलिए उनमें जमा कार्बन तूफान और क्षय से जल्दी हवा में वापस चला जाता है।

दुनिया के जंगल हमारे पारिस्थितिक तंत्र का आधार हैं और ग्लोबल वार्मिंग से लड़कर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन अब उनकी विशिष्ट भूमिका कमजोर हो रही है क्योंकि जंगलों में तेजी से बढ़ने वाले पेड़ों की भरमार हो रही है और लंबे समय तक जीने वाली प्रजातियां तेजी से गायब हो रही हैं। स्थिर और लंबे जीवनकाल वाले पेड़ों की जगह तेजी से बढ़ने वाले पेड़ों को रखना टिम्बर इंडस्ट्री और जंगल की आग के बाद जल्दी संभलने के लिए फायदेमंद है लेकिन बदलते मौसम का सामना करते समय यह जंगलों को बहुत ज्यादा खतरे में डालता है।

डेनमार्क की ओरहुस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने 31,001 पेड़ों की प्रजातियों का वैश्विक विश्लेषण करके बताया है कि तेजी से बढ़ने वाले पेड़ किन जंगलों में हावी हो रहे हैं। डेनिश वैज्ञानिक जेन्स-क्रिश्चियन स्वेनिंग ने नक्शों का इस्तेमाल करके दिखाया कि धीरे-धीरे बढ़ने वाले, खास किस्म के पेड़ तेजी से बढ़ने वाली प्रजातियों के आगे हार रहे हैं। स्वेनिंग ने उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय इलाकों में ऐसे कई छोटे पेड़ों का उल्लेख किया है जिनके गायब होने की संभावना सबसे ज्यादा है। एक बार जब तेजी से बढ़ने वाले पेड़ किसी जगह पर हावी हो जाते हैं, तो तूफान, सूखा और कीड़े उस जंगल के बड़े हिस्से को एक साथ गिरा सकते हैं।

दरअसल, लकड़ी काटने, सड़क बनाने और आग लगने से खुली धूप वाली जगहें बन जाती हैं, जहां तेजी से बढ़ने वाले पेड़ बहुत जल्दी फैल जाते हैं। हल्की पत्तियों और मुलायम लकड़ी की वजह से ये पेड़ तेजी से बढ़ते हैं। सूखे या गर्मी की वजह से पानी की कमी होने पर भी ऐसे पेड़ों का बढ़ना जारी रहता है। इन पेड़ों में लकड़ी का घनत्व कम होता है, जिसकी वजह से इनके तने आसानी से टूट जाते हैं और जल्दी सूख जाते हैं। विषम परिस्थितियों में हल्की लकड़ी वाले पेड़ों के मरने की संभावना अधिक होती है। लंबे समय तक चलने वाले पेड़ धीरे-धीरे बढ़ते थे। मौसम खराब होने पर उनकी गहरी जड़ें और मजबूत तने जंगल को एक साथ बनाए रखते थे। घनी लकड़ी और मजबूत पत्तियों ने उन्हें सूखे और कीड़ों से बचने में मदद की।

हाल ही में आई एक रिपोर्ट ने ऐसे पेड़ों के टिकाऊपन को जलवायु सुरक्षा से जोड़ा है। इस तरह के पेड़ जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं और स्थिरता और कार्बन भंडारण में योगदान देते हैं। जैसे-जैसे तूफान, कटाई और गर्मी से जंगलों पर दबाव बढ़ता है, पेड़ों की बाहरी प्रजातियां रोशनी, पानी और पोषक तत्वों के लिए मूल पौधों को घेर लेती हैं। यह दबाव दुर्लभ स्थानीय पेड़ों को खत्म होने के करीब ला सकता है। उष्णकटिबंधीय जंगलों में कई पेड़ों की प्रजातियां छोटे-छोटे इलाकों में मिलती हैं, इसलिए कुछ पेड़ों के खत्म होने से पूरा खाद्य चक्र तेजी से कम हो सकता है।

जंगल कार्बन सिंक का काम करते हैं, वे जितना कार्बन छोड़ते हैं उससे कहीं ज्यादा मात्रा में उसे हटाते हैं। धीरे-धीरे बढ़ने वाले घने पेड़ों ने दशकों तक तनों में कार्बन को बंद रखा, क्योंकि ठोस लकड़ी के हर इंच में ज्यादा पदार्थ समा सकता है। तेजी से बढ़ने वाले पेड़ अक्सर कम उम्र में मर जाते हैं। उनके तने हल्के होते हैं, इसलिए उनमें जमा कार्बन तूफान और क्षय से जल्दी हवा में वापस चला जाता है। इससे जंगल लंबे समय तक कार्बन जमा करने में कम असरदार हो जाते हैं। सही पेड़ों के बिना जंगल उन पक्षियों और स्तनपायी जीवों को खो सकते हैं जो बीज फैलाते हैं, जिससे तूफान या आग के बाद जंगल में रिकवरी धीमी हो जाती है। जंगल के प्रबंधक अक्सर जल्दी फसल के लिए तेजी से बढ़ने वाले पेड़ों को पसंद करते हैं, लेकिन जब पौधों में धीमी गति से बढ़ने वाली प्रजातियां भी शामिल होती हैं, तो जंगल लंबे समय तक अपनी मजबूती बनाए रख सकते हैं। ज्यादा पेड़ चुनने से दुर्लभ आनुवांशिकी सुरक्षित रहती है और जब मौसम का तनाव बढ़ता है, यह जंगल में पुराने विकास वाले गुणों को बनाए रखती है।

एक अन्य अध्ययन में वैज्ञानिकों ने जंगलों की एक और भूमिका को उजागर किया है। अध्ययन में पाया गया कि वन की मिट्टी जलवायु परिवर्तन में जितना योगदान दे रही है, उसका हमें अंदाजा नहीं है। यह साल दर साल चुपचाप हवा से मीथेन को अवशोषित करती रहती है। दक्षिण-पश्चिम जर्मनी में लिए गए नए दीर्घकालिक मापों से पता चलता है कि कुछ वनों में यह भूमिगत मीथेन अवशोषण क्षमता कम होने के बजाय लगातार मजबूत होती जा रही है।

जर्मनी के गोटिंगेन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने लगभग 25 वर्षों तक 13 वन भूखंडों में मीथेन के मूवमेंट का अध्ययन किया और पाया कि मिट्टी की मीथेन अवशोषण क्षमता में प्रति वर्ष लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह निरंतर वृद्धि नम और शुष्क दोनों मौसमों और धीरे-धीरे बढ़ते तापमान के दौरान देखी गई। यह वृद्धि इस धारणा को चुनौती देती है कि जलवायु परिवर्तन से मिट्टी की मीथेन अवशोषण क्षमता में एक समान कमी आएगी।

नया अध्ययन इस बारे में भी नए सवाल खड़े करता है कि कुछ वन दूसरों की तुलना में तेजी से क्यों बेहतर हो रहे हैं। वनों के सूक्ष्मजीव मीथेन को अवशोषित करते हैं। कम वर्षा के कारण मिट्टी में वायु के लिए अधिक स्थान बचता है, जिससे मीथेन सतह के पास रहने के बजाय तेजी से नीचे की ओर जा सकती है। शुष्क मिट्टी में हवा से भरे छिद्र अधिक होते हैं जिससे मीथेन और ऑक्सीजन दोनों मिट्टी में आसानी से प्रवाहित हो जाते हैं। यह एक महत्वपूर्ण कारक है क्योंकि मीथेन का उपभोग करने वाले सूक्ष्मजीवों को कार्य करने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। जांचे गए भूखंडों में शोधकर्ताओं ने मीथेन के अधिक अवशोषण को मिट्टी की कम नमी और धीरे-धीरे बढ़ने वाले मिट्टी के तापमान से जोड़ा। मीथेनोट्रोफ्स नामक सूक्ष्मजीव मीथेन का ईंधन के रूप में उपयोग करते हैं। एक बार जब मीथेन ऊपरी मिट्टी तक पहुंच जाती है तो ये जीव विभिन्न प्रतिक्रियाओं के जरिए उसे कार्बन डाइऑक्साइड और पानी के रूप में विखंडित कर देते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि अत्यधिक शुष्क परिस्थितियां सूक्ष्मजीवों की गतिविधि को दबा सकती हैं, जबकि लंबे समय तक गीली मिट्टी ऑक्सीजन के स्तर को कम कर देती है और मीथेन उत्पादक सूक्ष्मजीवों को हावी होने का अवसर देती है।

नासा के अनुसार मीथेन कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में अधिक ऊष्मा अवशोषित करती है, लेकिन यह केवल 7 से 12 वर्षों तक ही बनी रहती है। जब मिट्टी मीथेन को अवशोषित करती है, तो यह वायुमंडल में पहुंचने वाली मीथेन की मात्रा को कम कर देती है, जिससे आने वाले वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग का दबाव कम हो जाता है। वन की मिट्टी को इस सेवा के लिए अक्सर श्रेय नहीं दिया जाता। अधिक मीथेन अवशोषण से समस्या का समाधान अपने आप नहीं हो जाएगा, लेकिन इससे उत्सर्जन में कटौती होने तक कुछ समय मिल सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष
जल्दबाजी व भागदौड़ से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा।

### वृष
उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक तंगी रहेगी। पिछले कार्यों को टालें। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा।

### मिथुन
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। नई योजना से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

### कर्क
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

### सिंह
योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। सुसंगति से लाभ होगा।

### कन्या
रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है।

### तुला
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रुभय रहेगा। लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

### वृश्चिक
राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। गृह उपयोगी वस्तुएँ क्रय करेंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

### धनु
फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। धैर्य रखें। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। व्यापार में सफलता मिलेगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी।

### मकर
मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। संतान पर ध्यान दें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे।

### कुंभ
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे। संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मीन
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कशमकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# चेहरे की झुर्रियों को कम करने में मदद करेगा सोया मिल्क

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारी त्वचा में फाइन लाइन्स और झुर्रियां दिखने लगती है। लोगों के लिए यह एक चिंता का बड़ा कारण बन जाता है। हालांकि, बाजार में मिलने वाले कई प्रोडक्ट इस बात का दावा करते हैं कि वह फाइन लाइन्स और झुर्रियों को कम कर सकते हैं। लेकिन, प्रोडक्ट के इस्तेमाल के बाद भी कोई खास फर्क देखने को नहीं मिलता है। ऐसे में आप घरेलू उपायों को अपना सकते हैं। नेचुरल रुप से प्राप्त होने वाला सोया मिल्क आपकी इस समस्या को आसानी से दूर कर सकता है।



### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

सोया मिल्क विटामिन ई और सी, आइसोफ्लेवोन्स और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। ये एंटीऑक्सीडेंट त्वचा में फ्री रेडिकल्स के प्रभाव को कम करते हैं, फ्री रेडिकल्स समय से पहले बूढ़ा होने और झुर्रियों का मुख्य कारण माने जाते हैं। फ्री रेडिकल्स त्वचा के कोलेजन और इलास्टिन फाइबर को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे इलास्टिसिटी में कमी आती है।

### कोलेजन को करें बूस्ट

कोलेजन वह प्रोटीन है जो त्वचा के लचीलेपन को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होता है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, कोलेजन का उत्पादन कम हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप झुर्रियां पड़ने लगती हैं। सोया मिल्क में जेनिस्टिन, एक आइसोफ्लेवोन होता है जो कोलेजन के अवशोषण को उत्तेजित करता है। इससे झुर्रियां धीरे-धीरे कम होने लगती हैं।

### नेचुरल मॉइस्चराइज़र

रुखी त्वचा झुर्रियों को बढ़ा सकती है। सोया मिल्क एक नेचुरल मॉइस्चराइज़र की तरह है। यह नमी को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे आपकी त्वचा हाइड्रेटेड और कोमल रहती है। अच्छी तरह से हाइड्रेटेड त्वचा की इलास्टिसिटी बेहतर होती है। जिससे फाइन लाइन्स कम हो जाती हैं।

### काले धब्बों को कम करें

हाइपरपिग्मेंटेशन और काले धब्बे झुर्रियों को और अधिक बढ़ा सकते हैं। सोया मिल्क में फाइटोएस्ट्रोजेन जैसे कम्पाउंड त्वचा को नेचुरली चमकाने और काले धब्बों को हल्का करने में सहायक होते हैं। नियमित रूप से सोया मिल्क का उपयोग करके, आप एक कोमल और त्वचा को रंग को हल्का कर सकते हैं।



### सोया मिल्क फेशियल क्लींजर

इस सौम्य क्लींजर को बनाने के लिए सोया मिल्क और शहद को बराबर मात्रा में मिलाएं। शहद एक प्राकृतिक ह्यूमेक्टेंट होते हैं, जो त्वचा में नमी बनाए रखने में मदद करते हैं। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और धीरे-धीरे सर्कुलर मोशन में मालिश करें। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इस क्लींजर का नियमित रूप से उपयोग करने से आपकी त्वचा साफ, हाइड्रेटेड हो जाएगी।


### सोया मिल्क फेशियल क्लींजर

इस सौम्य क्लींजर को बनाने के लिए सोया मिल्क और शहद को बराबर मात्रा में मिलाएं। शहद एक प्राकृतिक ह्यूमेक्टेंट होते हैं, जो त्वचा में नमी बनाए रखने में मदद करते हैं। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और धीरे-धीरे सर्कुलर मोशन में मालिश करें। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।


# रोज सुबह खाली पेट पिएं जीरा, काली मिर्च और लौंग का पानी

स्वस्थ रहने के लिए हम सभी तरह-तरह के जूस और ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। कोई एलोवेरा, तो कोई आंवला या व्हीटग्रास का जूस पीता है। आप चाहें तो रोज सुबह खाली पेट जीरा, काली मिर्च और लौंग का पानी भी पी सकते हैं। इस पानी को पीने से आपको एनर्जी मिलेगी। साथ ही, आपका पाचन भी बेहतर बना रहेगा। जीरा, काली मिर्च और लौंग का उपयोग अधिकतर लोग खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए करते हैं। लेकिन इन सभी का पानी पीना भी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। वैसे तो आप जीरा, काली मिर्च या लौंग का पानी अलग-अलग पी सकते हैं। लेकिन इन तीनों का पानी एक साथ पीने से ज्यादा लाभ मिलते हैं। इसलिए आप जीरा, काली मिर्च और लौंग को पानी में उबालकर पी सकते हैं।

**पाचन में सुधार करे :** अगर आप रोज सुबह जीरा, काली मिर्च और लौंग का पानी पिएंगे, तो इससे आपके पाचन में सुधार होगा। इस पानी को पीने से पाचन-तंत्र मजबूत बनता है। दरअसल, जीरे में थाइमोल नामक कंपाउंड पाया जाता है, जो गैस्ट्रिक ग्रंथि को रिलीज करने के लिए उत्तेजित करता है। रोज सुबह इस पानी को पीने से अपच, गैस और मतली जैसी समस्याएं दूर होती हैं। रोज सुबह इस पानी को पीने से कब्ज से भी छुटकारा मिलता है।

**शरीर को डिटॉक्स करे :** फास्ट फूड या जंक फूड खाने से शरीर में विषाक्त पदार्थ जमा हो जाते हैं। ऐसे में आप जीरा, काली मिर्च और लौंग का पानी पी सकते हैं। इस पानी को पीने से शरीर में जमा अपशिष्ट पदार्थ आसानी से निकल जाते हैं। जीरा और काली मिर्च का पानी शरीर के सभी अंगों की सफाई करता है और आपको स्वस्थ रखता है।

**वजन घटाने में मददगार :** मौसम में कई लोग वेट गेन कर लेते हैं। ऐसे में अगर आप इस मौसम में वजन कम करना चाहते हैं, तो सुबह खाली पेट जीरा, काली मिर्च और लौंग का पानी पी सकते हैं। इस पानी को पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे फैट और कैलोरी बर्न होती है। साथ ही, इस पानी को पीने से ओवरइटिंग से भी बचाव होता है। ऐसे में अगर आप रोजाना इस पानी को पिएंगे, तो आपका वजन कंट्रोल में रहेगा।

**इम्यूनिटी बढ़ाए :** मानसून में बीमारियों से बचने के लिए इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखना बहुत जरूरी होता है।

जब इम्यूनिटी मजबूत होती है, तो व्यक्ति जल्दी से बीमार नहीं पड़ता है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आप रोज सुबह खाली पेट जीरा, काली मिर्च और लौंग का पानी पी सकते हैं। इस पानी को पीने से आप जल्दी से बीमार नहीं पड़ेगा और स्वस्थ महसूस करेंगे।

### डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद

अक्सर लोग फास्ट फूड खाना पसंद करते हैं, जिससे डायबिटीज रोगियों में ब्लड शुगर बढ़ सकता है। अगर आप डायबिटीज रोगी हैं, तो रोज सुबह खाली पेट जीरा, काली मिर्च और लौंग का पानी पी सकते हैं। इस पानी को पीने से आपका ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहेगा। साथ ही, डायबिटीज की वजह से होने वाली समस्याओं से भी बचाव होगा।

## बाल आधार नामांकन ऑपरेटर ऑन बोर्डिंग हेतु आवेदन आमंत्रित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू जिले की समस्त पंचायत समितिध्नगरीय क्षेत्र/ग्राम पंचायत में प्रस्तावित कुल 70 बाल आधार नामांकन एवं अद्यतन केन्द्रों के लिए बाल आधार नामांकन ऑपरेटर ऑन बोर्डिंग हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला आधार समिति अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी ने बताया कि इन आधार केन्द्रों पर बच्चों के आधार के नामांकन और अद्यतन कार्य करने हेतु रजिस्ट्रार सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अधीन नामांकन एजेन्सी राजकॉम इन्फो सर्विसेज लि. ईए कोड-2898 द्वारा ऑपरेटर को यूआईडीएआईए नई दिल्ली से आधार पंजीकरण एवं अपडेट विनियम, 2016 के अनुसार कार्य करने हेतु आईडी/क्रिडेंशियल जारी कराया जाना प्रस्तावित है। नामांकन ऑपरेटर के रूप में यूआईडीएआईए नई दिल्ली एवं सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजस्थान द्वारा निर्धारित निर्वन्धनों एवं शर्तों के अनुसार कार्य करने का इच्छुक व पात्र व्यक्ति अपना आवेदन ऑनलाइन स्वयं की आईडी से जीटूसी में राजआधार पोर्टल के माध्यम से 20 अप्रैल, 2026 से दिनांक 30 जून, 2026 तक कर सकते है। सदस्य सचिव डीओआईटी संयुक्त निदेशक नरेश टुहानिया ने बताया कि 30 जून, 2026 तक प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को ही चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा एवं त्रुटिपूर्ण आवेदनों को निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदनों का अंतिम चयन मेरिट के अनुसार जिला आधार समिति, चूरू करेगी। बाल आधार केन्द्र के लिए आवेदन करने हेतु रजिस्ट्रार सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग से संबंधित ऐसा नवीनतम एनएसईआईटी यूडीआईडी एग्जाम सर्टिफिकेट होना चाहिए जो अभी एक्सपायर नहीं हुआ हो अन्यथा आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा। ऑफलाइन आवेदन पत्र विभाग के किसी कार्यालय में जमा नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आवेदनकर्ता अपने आवेदन में अपनी उच्चतम शैक्षणिक स्थिति, आरक्षण कैटेगरी, वैवाहिक स्थिति एवं निवास के पते का सही उल्लेख करना सुनिश्चित करें, इनका उपयोग मेरिट से चयन हेतु किया जाएगा। प्रत्येक आवेदनकर्ता अपने आवेदन फार्म में विवरण अपने मूल दस्तावेजों के अनुसार ही दर्ज करें एवं समस्त आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना सुनिश्चित करें। चयन के दौरान चयन प्रक्रिया से या चयन के उपरान्त कभी भी ऑपरेटर को आवेदन फार्म में किसी गलत या मिथ्या सूचना या कूट रचित दस्तावेज उपलब्ध करवाने के कारण हटा दिया जाएगा। साथ ही पूर्व अनुभव के बारे में मूल्यांकन हेतु उपयुक्त डेटा के अभाव में विचार नहीं किया जाएगा। सीईएलसीए आधार केन्द्र के लिए फाइल यूआईडीएआईए नई दिल्ली से एक्टिव होने के अगले 15 दिवस में ऑपरेटर्स को ऑनलाइन स्वयं की एसएसओ आईडी से जीटूसी में राजआधार पोर्टल पर अपने स्वयं के किसी बैंक खाते से अधिकृत किसी भी पेमेंट मोड से 50000 रुपये की पेनल्टी सिक्योरिटी राशि राजकॉम्प, जयपुर के खाते में ऑनलाइन जमा करवानी होगी। चयनित पात्र ऑपरेटर को बाल आधार नामांकन हेतु किट की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। पात्रता एवं अन्य शर्ते चूरू जिला वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।


## इंस्पेक्टर दिनेश सिंह नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मोटर व्हीकल्स डिपार्टमेंट टेक्निकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा हॉटल रमाडा, बैंगलोर, कर्नाटक में आयोजित एक्सीलेंस अवार्ड, 2026 समारोह में सीकर आरटीओ इंस्पेक्टर रहे दिनेश सिंह को नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड, 2026 से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड परिवहन मंत्री कर्नाटक सरकार रामालिंगा रेड्डी मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि एसआर विश्वनाथ विधायक येलंका, कर्नाटक एवं सम्मानित अतिथि डॉ एनवी प्रसाद, आईएएस सेक्रेटरी, परिवहन विभाग, कर्नाटक सरकार एवं योगेश एएम आईएएस कमिश्नर, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, कर्नाटक सरकार एवं राजेश जे नावेकर आईएएस, कमिश्नर परिवहन, महाराष्ट्र सरकार, किंजल सिंह, आईएएस कमिश्नर परिवहन, उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर-द्वितीय, विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान में पदस्थापित हैं को अवॉर्ड सेरेमनी प्रोग्राम में सम्मानित किया गया है। दिनेश सिंह को यह सम्मान उनके द्वारा रोड सेफ्टी अवेयरनेस में उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और प्रभावपूर्ण पहलों एवं दुघर्टना नियंत्रण के लिए दिया गया है। इस प्रोग्राम में परिवहन विभाग, कर्नाटक सरकार में पदस्थापित कर्मचारी एवं पूरे भारतवर्ष में परिवहन विभाग में पदस्थापित इंस्पेक्टर, जिला परिवहन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए। अंत में प्रोग्राम के आयोजक अशफाक अहमद प्रेसीडेंट, जी सम्पथ कुमार जनरल सेक्रेटरी, सचिन बोधाले ट्रेजरर ने सभी का अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि दिनेश सिंह फौजदार ने सीकर में आरटीओ इंस्पेक्टर रहते हुए विभागीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया जिसके चलते वह कई बार राज्य स्तर पर भी सम्मानित हो चुके हैं।

## सैन महाराज जयंती धूमधाम से मनाई



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में सैन समाज द्वारा संत शिरोमणि सैन महाराज की 726वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुबह 8:30 बजे सेन महाराज की आरती कर भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा रवाना की गई। शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए पुन: सैन मंदिर पहुंची। यात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। जयंती की पूर्व संध्या पर मंदिर प्रांगण में रात्रि को सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया इस दौरान समाज के मनोहर लाल लिलड़िया, लालचंद टोकसिया, गुमानमल टोकसिया, रामनिवास जाड़ीवाल, प्रमोद लिलड़िया, चांदमल टोकसिया, धनराज फुलभाटी, गोरीशंकर टोकसिया, एडवोकेट सतीश मारू, शुभकरण टोकसिया, जगदीश प्रसाद टोकसिया, सोहनलाल टोकसिया, पवन टोकसिया, शिवप्रसाद टोकसिया, गोपाल टोकसिया सैलून संघ अध्यक्ष, रतनलाल लिलड़िया, नथमल टोकसिया, प्रकाश टोकसिया, एडवोकेट करणी टोकसिया, मानमल टोकसिया, भरत मारू, नंदलाल टोकसिया, लालचंद मारू कोषाध्यक्ष, कन्हैयालाल टोकसिया, रतनलाल लिलड़िया, शंकरलाल टोकसिया सहित अनेक सेन बंधु उपस्थित रहे।

# संविधान निर्माता अंबेडकर की जयंती मनाई

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बने अम्बेडकर स्मारक स्थल पर सर्व समाज के तत्वावधान में संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। पूर्व पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, थानाधिकारी ताराचंद यादव, डॉक्टर वरुण वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल शर्मा, दिलीप मीणा, समाजसेवी रामकुमार सैनी, नगर पालिका के निर्वतमान उपाध्यक्ष शहजाद चोपदार, भाजपा जिला प्रवक्ता मनीष शर्मा बतौर मंचस्थ मौजूद रहे। आयोजन समिति के अशोक बेरवाल, अरविंद चौबे, रामावतार रैगर, प्रवीण कुमार एवं दीपक बेरवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों एवं आगुन्तकों ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने बाबा साहेब को याद करते हुए युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर उनके आदर्शो पर चलकर समाज में फैली कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजकुमार चेजारा, प्रमोद पचलंगिया, रमेश टेलर, एडवोकेट राजेन्द्र बेरवाल, गोविंद शर्मा, संतोष शर्मा, मनीष डोटासरा, खेताराम बालान, ओमप्रकाश विर्ख, राकेश गुर्जर, महीपाल दूलड़, भगवानराम, सुशील सोनी, बद्री माहिच, सुरेंद्र पोरवाल, महेंद्र कुमावत, नागर पचलंगिया सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामप्रताप महरिया ने किया।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर अशोक बेरवाल, प्रवीण कुमार, रामप्रताप महरिया, बबलू बेरवाल, मदन बेरवाल सहित सर्व समाज के लोगों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## कथा के छठे दिन गूंजा राम नाम, वनगमन व केवट प्रेम प्रसंग ने किया भाव-विभोर

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** श्री डूंगरगढ़ क्षेत्र के निकटवर्ती गांव लिखमादेसर में पूनमचंद रामनिवास तिवाड़ी परिवार द्वारा आयोजित श्री राम कथा के छठे दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान कथा वाचक शिवेंद्राश्रम महाराज ने भगवान श्रीराम के वनगमन प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार श्रीराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए राजपाट त्याग कर वनवास स्वीकार किया। इसके साथ ही केवट प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसमें केवट की प्रभु श्रीराम के प्रति निष्कलंक भक्ति और प्रेम को दर्शाया गया। इस प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का भी आगमन हुआ जिसमें संत भोले बाबा, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व विधायक कमला कस्वा की विशेष उपस्थिति रही। दानदाताओं ने भी श्रीकृष्ण गोपाल गौशाला ट्रस्ट लिखमादेसर में बढ़ चढकर धन राशि का सहयोग किया। जिसमें 51000 रामप्रसाद शिवदानाराम गजानंद पांडिया अड़सीसर, 111000 देवकरण गोविंद प्रसाद जोशी राणासर बिकान, 31000 ओमप्रकाश भंवरलाल जोशी राणासर बिकान, 1510001 महावीर प्रसाद पुरोहित गोगासर, 21000 भंवरलाल मालूराम पांडिया, 21000 कन्हैयालाल विद्याधर पांडिया, 21000 गणेश नाथ मोहन नाथ गोदारा, 21000 कुंदनमल रामेश्वरलाल पारीक, 51000 मदनलाल कमलेश जोशी, 21000 नवरत्न छाजेड़ दिल्ली, 51000 भंवरनाथ ज्यानी महन्त लिखमादेसर, 21000 मालूराम मांगीलाल तिवाड़ी, 51000 कालूराम मालूराम तिवाड़ी, 51000 रुधाराम मदनलाल तिवाड़ी, 21000 जसुराम बजरंगलाल जोशी, 21000 सुजाराम मांगीलाल तिवाड़ी, 21000 हनुमानाराम जगदीश प्रसाद तिवाड़ी, 21000 जयचन्द राम बजरंगलाल तिवाड़ी सहित अनेक दानदाताओं सहित छठे दिवस 1500000 गौशाला में सहयोग प्राप्त हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया तथा आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पं. शिवकांत पारीक, शोभाकांत स्वामी, तरुण तिवाड़ी, गजेंद्र तिवाड़ी, अक्षय तिवाड़ी, सुरेश तिवाड़ी, प्रदीप पारीक, नाहर सिंह राजपूत, देवीलाल तिवाड़ी, पवन पारीक आसपालसर, ऋतिक तिवाड़ी, राजेश पारीक, दुर्गाराम पारीक, शंकर सिंधी, दिनेश गौड़, चंपालाल सोनी, कल्याण सिंह मेलुसर सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे। कथा के दौरान आने वाले सभी श्रद्धालुओं के यातायात व्यवस्था व भोजन प्रसाद की उचित व्यवस्था की गई है।

## संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनाई



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के चनाना गांव में भारतरत्न एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर ग्राम पंचायत चनाना में आज भव्य रैली और समारोह का आयोजन हुआ। उसके बाद में यह रैली भीमराव आंबेडकर भवन से शुरू होकर काली माता मंदिर के आगे से होते हुए भुकाना बाइपास से पुराणी बस्ती चनाना से होते हुएचनाना मैन बाजार से गुजरते हुए सभा स्थल पर रैली का समापन हुआ। डॉ अम्बेडकर समिति चनाना के तत्वावधान में कुआ वाले बालाजी रैगर स्थित अम्बेडकर भवन में समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र भाम्बू झुंझुनू थे, समारोह की अध्यक्षता डॉ सुरेश कुमार डीग्रवाल अतिरिक्त निदेशक चिकित्सा जयपुर ने की। समारोह का शुभारम्भ बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर दीप प्रजवलित कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया। समारोह में मुख्य अतिथि झुंझुनू विधायक राजेंद्र भाम्बू ने भारतरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन दर्शन उनके आदर्शो और भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा, जागरूकता बढ़ाने के प्रति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा डॉ भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और भारतरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्ष एवं उनसे प्राप्त होने वाली प्रेरणा पर विचार व्यक्त किये गए। उसके बाद में क्षेत्रीय विधायक द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ हुआ और एक-एक प्रतीक चिह्न भेंट किये। समारोह में अनेक वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## सांसद शर्मा का कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय जय निवास पर विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा के सुजानगढ़ प्रवास के दौरान स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज मेघवाल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, बजरंग लाल सेन, रामावतार शर्मा, इदरीश गौरी, अमित मारोठिया, राजकुमार इंदौरिया, रेखाराम मेहरड़ा, हितेश जाखड़, विजय बटेश्वर, इलियास खान, इकबाल खान, लालचंद बेदी, अमजद खान, राजेंद्र फुलफगर, कन्हैयालाल माली, पवन भोजक, सुनील सडूवाला आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद मंगल मिश्रा की माता भगवती देवी के निधन सांसद किशोरीलाल शर्मा ने शोक जताया और परिवार को सांत्वना दी। सांसद शर्मा ने स्वर्गीय स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीशचंद्र मिश्रा की धर्मपत्नी भगवती देवी के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया। इस दौरान परिवारजनों सहित सुरेंद्र मिश्रा, नरेंद्र भारती, राजेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, मुकुल मिश्रा सहित अन्य परिजन मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती पर प्रतिमा अनावरण

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मेघवाल भवन, आथुना बास में उनकी प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनम चंद गर्ग ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रवि शेखर मेघवाल राष्ट्रीय महामंत्री, श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में संतोष मेघवाल प्रधान, पंचायत समिति बीदासर, कानाराम कांटीवाल, भानीराम मेघवाल अध्यक्ष, देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनगढ़, सुगनचंद मंडार, देवीलाल मेघवाल, गिरधारी लाल कांटीवाल, श्रवण कुमार मेघवाल, केसर दास महाराज, दीनदयाल मेघवाल, ख्यालीराम सेवलिया, परमेश्वर लाल मेघवाल सिमसिया, पुष्पलता मंडार, संजय कुमार, एएसआई चंद्र प्रकाश बारूपाल, मोतीलाल, ललित राठौर, ओमप्रकाश मीणा, रतनलाल बारूपाल तथा श्रवण मेघवाल भीम आर्मी अध्यक्ष मंचासीन रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने शिक्षा, समानता और संविधान के माध्यम से देश को नई दिशा दी। मुख्य अतिथि रवि शेखर मेघवाल ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समरसता और समानता स्थापित की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को अपनाने और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे पूनम चंद गर्ग ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने समाज को संगठित रहने और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता बताई। विशिष्ट अतिथि संतोष मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से सभी वर्गों को समान अधिकार दिए और उनके विचार हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वक्ताओं ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए समाज के विकास में इसकी भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही तिलोकचंद अंबेडकर को भीम आर्मी एकता मिशन की राजलदेसर इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में इंदरचंद, लूणाराम, ओमप्रकाश, शंकरलाल, मुरलीधर, त्रिलोकचंद, अमरचंद, विजय कुमार, परमेश्वर नायक, दौलतराम बारूपाल, टिकूराम मेघवाल, मंतूराम मेघवाल, किशन भादरभांभू, धर्मपाल मोची, लालचंद चौहान, मुन्नालाल मेघवाल, धर्मपाल रेगर सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मास्टर जीतूराम मेघवाल ने किया तथा आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बाबा साहेब की जयंती पर निकाली भव्य रैली

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी सुजानगढ़ के नेतृत्व में विशाल रैली और बैठक का आयोजन किया गया। रैली नए बस डिपो से शहर के मुख्य मार्गो से अम्बेडकर भवन दुलिया बास में पहुंची। रैली में विधायक मनोज मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, डॉ अंबेडकर मोमोरियल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रतनलाल नायक, केशवदास महाराज, संजय आर्य, बाबूलाल कुलदीप, गंगाधर लाखन, डॉ शंकर जिलोया, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, खुशीराम चांदरा, डॉ अमृता चौधरी, सूरजाराम डाबरिया, हंसराज नायक, धर्मसिंह मीणा, निखिल आर्य, मिलाप लाखन, विश्वजीत बारसा, दीपाराम सांडेला, मनोहर नायक, किशनलाल मेघवाल, ईश्वर सिंह मेघवाल, श्रवण मेघवाल सहित बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। रैली का अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सदस्यों ने अम्बेडकर जयन्ती की रैली पर पुष्प वर्षा की। प्रदेश विभाग संगठन मंत्री रामेश्वर लाल खीचड़, उपशाखा अध्यक्ष कमल जाखड़, मंत्री मनोज शर्मा, एसीबीओ रणजीत सिंह भींचर, प्रधानाचार्य धर्मसिंह मीणा, व्याख्याता अशोक कुमार, अब्दुल सत्तार पड़िहार, जीवणदान देवल, धनराज सिंगोदिया, लक्ष्मण कुमार खत्री, गोवर्धन लाल जान्दू, रंजन अत्रि, अजय सैनिक, हरिकेश वर्मा, विशनाराम देवड़ा, पूनमचन्द रेगर आदि शिक्षकों ने पुष्पवर्षा की।

## आदिवासी कांग्रेस प्रभारी मीणा का किया अभिनंदन



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** उपखंड क्षेत्र के टोडी में स्थित बन्ना राम मीना स्मृति आदिवासी मीणा सेवा संस्थान में मीणा समाज व सर्व समाज की मीटिंग आयोजित हुई। इस मीटिंग में मुख्य अतिथि आदिवासी कांग्रेस जयपुर संभाग प्रभारी कैलाशी मीणा थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैलाशी मीणा ने आदिवासी कोड को लेकर कहां की हमें हमारे हक और अधिकार की लड़ाई के लिए कुर्बानी भी देनी पड़ी तो हम तैयार बैठे हैं, सरकार को आह्वान कर रहे हैं कि हमारे अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास नहीं करेंए आदिवासी समाज कभी पीछे मुड़कर देखने वाला समाज नहीं है। देश को आजाद कराने में कुर्बानी देने वाला आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा की भारत के असली मूल निवासी अनुचित जनजाति, अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक है। आगे उन्होंने कहा कि आदिवासी कोड को लेकर कल 16 अप्रैल को जयपुर में विशाल रैली निकालकर राजस्थान सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा । जिसमें हम सब की भागीदारी रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस प्रकोष्ठ एसटी जिला अध्यक्ष रतनलाल मीना जोधपुरा, छात्रावास अध्यक्ष रामचन्द्र मीणा सीथल, मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, तहसील अध्यक्ष होशियार सिंह मीणा बामलास, टोडाराम मीणा हासलसर, रोहिताश मीणा भोड़की, जगदीश मीणा टोडी, बिरजू राम मीणा जोधपुरा, कांग्रेस प्रकोष्ठ शिक्षा विभाग के जिला अध्यक्ष धर्मपाल खेदड़ सीथल सहित आदि थे।

## बाबा साहेब सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे : सोनी

निसं




**लाडनूं ( नवयत्न )।** सामाजिक समरसता मंच लाडनूँ के तत्वावधान में चार भुजा भवन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर विचार गोष्ठी सम्पन्न हुई। गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लाडनूँ के खण्ड संघचालक बजरंग लाल यादव मुख्य अतिथि दीपचंद परिहार, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नागौर विभाग कार्यवाह संजय कुमार सोनी रहे। मुख्य वक्ता संजय कुमार सोनी ने कहा कि संघर्ष जितना कठिन होगा, सफलता उतनी ही महान होगी। बाबा साहेब ने बचपन से ही संघर्ष किया। मुख्य अतिथि दीपचंद परिहार ने कहा कि सुख का मूल आधार धर्म ही है। बिना धर्म पर चले जीवन सार्थक नही है। धर्म ही मोक्ष का आधार है।

आज अत्यंत गौरव का विषय है जो हम सभी समाजो के प्रबुद्धजन बाबा साहेब के स्वप्नों को साकार एवं गति देने के लिये जयंती पर्व मना रहे है। कार्यक्रम का संचालन खंड प्रचार प्रमुख विवेक यादव ने किया।

## बैसाखी पर परनामी मंदिर में भक्ति की बयार में भजनों से गूंजा परिसर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजापार्क स्थित कृष्ण परनामी मंदिर का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह बैसाखी पर्व पर श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 12 अप्रैल को प्रभात फेरी, धर्म ध्वजा फहराने, अखंड पारायण पूजन और रक्तदान शिविर से हुई। पंचायत प्रधान विजय परनामी ने बताया कि श्री राज श्यामा जी का चंदन, गुलाब व केवड़ा से भव्य अभिषेक किया गया, वहीं स्वाति परनामी के निर्देशन में हिंदुत्व आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। समिति अध्यक्ष कमल परनामी ने संप्रदाय की स्थापना और उसके मानवता व एकता के संदेश पर प्रकाश डाला। इस समारोह में करनाल धाम से आए जगत राज महाराज एवं दिल्ली से पधारी परीम सखी महाराज ने ष्मुखवाणी को ईश्वरीय ज्ञान का स्रोत बताते हुए उसके आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। महिला मंडल की सदस्यों ने श्याम सुंदर बांसुरी वाले सहित विभिन्न भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। मध्यान्ह में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं समिति के पदाधिकारियों ने संभाली, जबकि विभिन्न समाजों के गणमान्य अतिथियों का स्वागत भी किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी रही।

## 23 अप्रैल को चारदीवारी में निकलेगी भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राजस्थान ब्राह्मण महासभा, जयपुर महानगर की ओर से 23 अप्रैल को चारदीवारी क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है। महामंत्री शिव कुमार भारद्वाज ने बताया कि शोभायात्रा जलेब चौक से प्रारंभ होकर बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता और त्रिपोलिया बाजार होते हुए छोटी चौपड़ पर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट, बग्गी, बैंड-बाजों सहित पारंपरिक लवाजमे के साथ 31 आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। इस संबंध में महानगर अध्यक्ष मोहन प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में महासभा की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में संरक्षक सत्यनारायण कांकर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम उपाध्याय, पूर्व डी.जे. अशोक शर्मा, महिला अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति शर्मा, कविता मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, केदारनाथ शर्मा सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से हनुमान सहाय शर्मा को शोभायात्रा का संयोजक तथा सुभाष चन्द्र शर्मा को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। महासभा ने अधिक से अधिक लोगों से इस शोभायात्रा में भाग लेने का आह्वान किया है।

## गर्ग का किया स्वागत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आयुर्वेद, खेल, पीएचईडी और स्वायत शासन जैसे विभागों के मंत्री व जालौर से पांच बार विधायक रहे राजस्थान विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग का सुजानगढ़ आगमन पर राष्ट्रीय जाट महासभा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने अभिनंदन किया।

## बाबा साहेब के सिद्धांतों और आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र विकास में योगदान दें युवा : मुख्यमंत्री शर्मा



जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार पिछड़े, वंचित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का उजियारा पहुंचाने एवं जीवन स्तर सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। डबल इंजन सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय के आदर्शों पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र पर काम कर रही है। हमारी सरकार बाबा साहेब के सपनों को पूरा करते हुए समाज के सभी वर्गों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त एवं सक्षम करने का कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र विकास में योगदान दें।

### मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने दी सौगातें-

मुख्यमंत्री ने पेंशन एवं पालनहार योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 1 हजार 363 करोड़ रुपये का राशि हस्तांतरित की। उन्होंने 10 छात्रावास भवनों का लोकार्पण, 17 भवनों का शिलान्यास करने के साथ ही जामडोली स्थित स्वयंसिद्धा परिसर में लाइब्रेरी का वर्चुअल उद्घाटन किया। साथ ही, एआई आधारित 'हैल्प डेस्क समाधान साथी' का शुभारंभ भी किया। उन्होंने विशेष योग्यजनों को सहायक उपकरण एवं कन्यादान योजना के लाभार्थियों को राशि का वितरण किया। समारोह में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्रों में 200 अंबेडकर ई-लाइब्रेरी स्थापित करने एवं अंबेडकर पीठ, मूंडला, जयपुर में अंबेडकर आवासीय कोचिंग केन्द्र की स्थापना की घोषणा भी की। श्री शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब की शिक्षा और दृष्टिकोण हमारी डबल इंजन सरकार की कार्यप्रणाली की बुनियाद है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन, उवला योजना, पीएम आवास योजना एवं आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ हमारे पिछड़े और वंचित वर्गों को मिल रहा है।

### पिछड़े एवं वंचित वर्ग का हो रहा सर्वांगीण विकास-

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार में अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार के प्रकरणों में 28 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। वहीं, शिक्षा के लिए अनुसूचित जाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 292 करोड़ रुपये व्यय कर 3 लाख 75 हजार विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की गई है। अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 534 करोड़ खर्च कर 3 लाख 21 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

# दर्दनाक हादसा : फॉर्च्यूनर कई पलटियां खाकर खेत में गिरी

# तीन युवकों की मौत, एक गंभीर घायल

निसं

सिंघाना (नवयत्न)। क्षेत्र के भैंसावता गांव के नजदीक सोमवार देर रात करीब एक बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बारात में शामिल फॉर्च्यूनर गाड़ी अनियंत्रित होकर कई पलटियां खाते हुए सड़क से करीब 50 फीट दूर खेत में जा गिरी। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि सभी युवक मोई गांव में अपने एक मित्र की बारात में शामिल होने आए थे। देर रात दूल्हे की फॉर्च्यूनर गाड़ी लेकर किसी काम से चिड़ावा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान भैंसावता गांव के पास वाहन चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। तेज रफ्तार के कारण गाड़ी कई बार पलटी खाती हुई खेत में जा गिरी, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में संदीप कड़वासरा पुत्र सवाई सिंह, तनिष्क शेखावत पुत्र मनोहर सिंह और धर्मेंद्र पुत्र महावीर सिंह निवासी उदावास की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं अजय पुत्र सहीराम निवासी बाकरा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही चिड़ावा और सिंघाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर चिड़ावा उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन से नियंत्रण खोना हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि देर रात भैसावता के पास सड़क हादसे की सूचना मिली थी तुरंत 108 एंबुलेंस के जरिए घायलों को नजदीकी चिड़ावा अस्पताल रैफर करवाया गया। वही मैं अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी और क्रेन की सहायता से फॉर्च्यूनर गाड़ी को सीधी करवाकर घायलों को बाहर निकाला गया।



हादसे में तीन युवकों ने मौके पर दम तोड़ दिया वहीं एक घायल को जिला झुंझुनू के लिए रैफर कर दिया गया था।

## बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई

सूरजगढ़ (नवयत्न)। पूर्व चेयरमैन सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व चेयरमैन सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि डॉ भीम राव अम्बेडकर ने देश को संविधान के रूप में एक अमूल्य योगदान दिया तथा समर्पित भाव से देश की सेवा में व समाज को बराबरी का हक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में वासुदेव सैन, राजेश कुमार जोशी, दिनेश कुमार शर्मा, किशोरी लाल गोगावत, लीलाधर मिस्त्री, सुनील डालमिया, कालूराम चंदेलिया, शंकर लाल सैनी, मदन लाल सैनी, गजानंद कटारिया, हुक्मी चंद, अशोक ओला, मुकेश बाकोलिया, उमेद टेलर, राज कुमार जोगी सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# अंबेडकर के आदर्शों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : श्रवण कुमार

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्श को अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है यह बात बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बोलते हुए विधायक श्रवण कुमार ने कही। मंगलवार को विधायक आवास पर बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती मनाई गई। विधायक श्रवण कुमार ने डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को डॉ अम्बेडकर के शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के उद्घोष को अपना कर देश एवं समाज हित में कार्य करने की आवश्यकता है। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामसिंह चेतीवाल, समाजसेवी रघुवीर डैला, सुरेश बडगुजर, सज्जन कुमावत, आशीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# पेट्रोल 18 और डीजल 35 महंगा हो सकता है

## बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव के बाद बढ़ सकते हैं दाम, तेल कंपनियां नुकसान में

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से पेट्रोल 18 और डीजल 35 प्रति लीटर तक महंगा हो सकता है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मैक्वायरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रूड ऑयल महंगा होने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर हैं। इससे कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद कंपनियां दाम बढ़ा सकती हैं।

### हर दिन 1,600 करोड़ का नुकसान झेल रहीं कंपनियां

कच्चा तेल महंगा होने से कंपनियों को प्रति लीटर पेट्रोल पर 18 रुपए और डीजल पर 35 रुपए का घाटा हो रहा है। पिछले महीने के पीक पर ये तीनों कंपनियां हर दिन करीब 2,400 करोड़ रुपए का नुकसान झेल रही थीं। एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपए की कटौती के बाद यह घाटा घटकर 1,600 करोड़ रुपए रह गया है। हर 10 डॉलर के उछाल से नुकसान करीब 6 रुपए प्रति लीटर बढ़ जाता है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88% कच्चा तेल आयात करता है। इसमें से 45% मिडिल ईस्ट और 35% रूस से आता है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें न केवल तेल कंपनियों, बल्कि देश के चालू खाता घाटे के लिए भी खतरा हैं।

# चिड़ावा की भांजी ऐश्वर्या जयपुर में सम्मानित

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** सीपीईटी जयपुर का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर चिड़ावा के साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया की दोहिती छात्रा ऐश्वर्या शर्मा ने विशेष उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्राप्त किए। साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम का संचालन भी ऐश्वर्या शर्मा द्वारा किया गया। संस्थान के इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान किया तथा कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक और यादगार रहा।



# गौसेवा कर मनाया पूर्व मंत्री का जन्मदिन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पूर्व खनिज मंत्री खेमाराम मेघवाल का जन्मदिन भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में निवर्तमान प्रधान मनभरी देवी के नेतृत्व में गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ व खल, लड्डू खिलाकर हर्षोल्लास से मनाया गया और खेमाराम मेघवाल के दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामनाएं की गई। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मौसूण, पूर्व नगर अध्यक्ष वैद्य भंवरलाल काछवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश सोनी, पूर्व महामंत्री भंवरलाल गिलान, पूर्व जिला प्रवक्ता खुशीराम चादरा, सांवरमल अग्रवाल, सौभाग्य कंवर, रेवंतमल पंवार, गंगाधर लाखन, महेश जोशी, हाजी हाकम अली, सुमन सामरिया, खुशबू दाधीच, पूजा प्रजापत, डॉ शंकर जिलोया, राजेंद्र दानोदिया, बृजेश शर्मा, संदीप सोनी, रमेश स्वामी, विक्की काछवाल, कृष्णा शर्मा, योगराज ढाका, राजवीर भार्गव, विक्की प्रजापत, मुकेश प्रजापत, विकास राव, गौतम राव, योगेश सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ईरान ने होर्मुज में मिसाइल दागते हुए वीडियो शेयर किया

## कहा- पिक्चर अभी बाकी; चीन बोला- दुनिया जंगल के कानून से नहीं चलनी चाहिए

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

ईरान और अमेरिका के बीच होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी को लेकर तनाव बढ़ गया है। मुंबई स्थित ईरानी कॉन्सुलेट ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ईरान होर्मुज में मौजूद जहाजों पर मिसाइल दाग रहा है और कैप्शन में लिखा है कि अभी तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है। इसके साथ ईरान ने अपनी मिसाइल बोट्स की ताकत भी दिखाई। दरअसल अमेरिका ने कल होर्मुज स्ट्रेट में उन जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी है जो ईरान को टोल दे रहे हैं। वहीं, ईरान का कहना है कि वो बिना टोल लिए जहाजों को यहां से गुजरने नहीं देगा। वहीं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को लेकर कहा कि दुनिया को 'जंगल के कानून' (ताकतवर जो चाहे वो करे) वाले हालत में नहीं जाने देना चाहिए। नियम सब पर बराबर लागू होने चाहिए, न कि अपनी सुविधा के हिसाब से।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स

**15 वॉरशिप तैनात-** अमेरिका ने नाकाबंदी लागू करने के लिए 15 से ज्यादा युद्धपोत तैनात किए, जिनमें स्स अब्राहम लिंकन और कई डिस्ट्रॉयर शामिल बताए गए हैं।

**चीन का 4 सूत्री प्रस्ताव-** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में शांति के लिए चार सूत्रीय प्रस्ताव देते हुए सभी देशों की संप्रभुता और सुरक्षा का सम्मान जरूरी बताया।

**ईरान को अरबों का नुकसान-** ईरान का दावा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से उसे करीब 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ।

**फिर सीजफायर वार्ता संभव-** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर इस हफ्ते फिर बैठक हो सकती है, इस्लामाबाद और जेनेवा संभावित जगह मानी जा रही हैं।

**ईरान को अमेरिका पर भरोसा** नहीं- ईरान ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत के बजाय अपनी शर्तें थोपना चाहता है और शुरुआत से ही भरोसे के लायक नहीं रहा है।

### कतर बोला- होर्मुज की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

कतर ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा को कोई भी देश खतरे में नहीं डाल सकता। कतर के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि इस रास्ते को दोबारा खोलने के लिए लगातार दूसरे देशों से बात हो रही है। उन्होंने कहा कि होर्मुज का मामला मिलकर सुलझाना होगा और इसमें आसपास के देशों की बड़ी भूमिका है। इसे खोलने के लिए कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। कतर ने यह भी बताया कि पाकिस्तान में अगली बातचीत को लेकर अभी पुष्टि का इंतजार है, लेकिन वह बातचीत के जरिए हल निकालने का समर्थन करता है।

### ईरान बोला- अमेरिका के रवैये से बातचीत फेल हुई

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सख्त रवैये की वजह से इस्लामाबाद में हुई बातचीत किसी समझौते तक नहीं पहुंच पाई।

पजशकियान ने कहा कि धमकी, दबाव और सैन्य कार्रवाई से हालात और खराब होंगे। समस्याओं का हल बातचीत से ही निकल सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप अमेरिका को अंतरराष्ट्रीय कानून मानने के लिए समझा सकता है और इसमें अहम भूमिका निभा सकता है।

### पाकिस्तान में अगली ईरान-यूएस सीजफायर वार्ता तय नहीं

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना के मुताबिक अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में सीजफायर वार्ता होगी या नहीं इस पर कुछ भी तय नहीं है। इससे पहले कुछ खबरों में कहा जा रहा था कि अमेरिका और ईरान के अधिकारी फिर से पाकिस्तान में मिल सकते हैं। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के अधिकारी आपस में दूसरी बैठक को लेकर बात कर रहे हैं। यह बैठक 21 अप्रैल से पहले हो सकती है।




### चीन ने अमेरिका को जवाबी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी

चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसने टैरिफ बढ़ाया, तो चीन भी जवाबी कदम उठाएगा। चीन का कहना है कि उस पर ईरान को सैन्य मदद देने के जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे पूरी तरह गलत हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि ऐसी खबरें झूठी हैं और बिना सबूत के फैलाई जा रही हैं। चीन हथियारों के निर्यात को लेकर सख्त नियमों का पालन करता है।

### फ्रांस-ब्रिटेन होर्मुज संकट पर ऑनलाइन बैठक करेंगे

फ्रांस और ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षा के लिए शुक्रवार को एक ऑनलाइन बैठक करेंगे। इसमें उन देशों को बुलाया गया है जो इसमें मदद करना चाहते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर इस बैठक की अगुवाई करेंगे। इसमें इस पर बात होगी कि हालात ठीक होने पर जहाजों को इस रास्ते से सुरक्षित कैसे निकाला जाए। दोनों देश पहले से ऐसी योजना बना रहे हैं, जिसमें तेल के टैंकर और बड़े जहाजों को सुरक्षा के साथ गुजरने में मदद दी जाएगी। कतर ने कहा है कि अभी होर्मुज संकट के हल पर बात करना जल्दबाजी होगी, सबसे पहले सीजफायर पर ध्यान देना चाहिए। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अल-अंसारी ने कहा कि इस रास्ते पर पहले कभी कोई बड़ी समस्या नहीं रही है, इसलिए अभी फोकस सुरक्षित आवाजाही पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध का असर पूरी दुनिया में ऊर्जा की कीमतों पर पड़ रहा है, लेकिन कतर इस स्थिति से संभल जाएगा। कतर ने लेबनान पर हो रहे हमलों की आलोचना की और कहा कि वह तनाव कम करने की कोशिशों का समर्थन करता है।

### इटली ने इजराइल के साथ रक्षा समझौते का ऑटो रिन्यू रोका

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा है कि मौजूदा हालात को देखते हुए इटली ने इजराइल के साथ रक्षा समझौते के ऑटो रिन्यू को रोक दिया है। मेलोनी ने एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच सैन्य उपकरण और तकनीक पर सहयोग होता था। ऑटो रिन्यू का मतलब किसी समझौता या सर्विस अपने आप दोबारा चालू या आगे बढ़ जाना होता है।

## अमृत पीवो सदा चिर जीवो के जयकारों से गूंजे गुरुद्वारे



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी के गुरुद्वारों में मंगलवार को खालसा मेरो रूप है खास की भावना के साथ बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। वर्ष 1699 में गुरु गोविंद सिंह द्वारा आनंदपुर साहिब में की गई खालसा पंथ की स्थापना की याद में शहर के सभी प्रमुख गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजा, गए, जहाँ कीर्तन और गुरुमत विचारों के जरिए संगत निहाल हुई।

### शबद कीर्तन से झूम उठी संगत

गुरुद्वारा हीदा की मोरी में सुबह सहज पाठ के भोग डाले गए। प्रधान सरदार सुच्चा सिंह ने बताया कि हजूरी रागी भाई संदीप सिंह ने अमृत पीवो सदा चिर जीवो और राखो सरणाई, गुरु रामदास राखो सरणाई जैसे शबद गाकर आध्यात्मिक माहौल बना दिया। कार्यक्रम के पश्चात गुरु का अटूट लंगर वरताया गया।

### अमृत संचार और ढाडी जत्थे ने सुनाया इतिहास

गुरुद्वारा वैशाली नगर में तीन दिवसीय समागम का समापन हुआ। प्रधान सरदार सर्वजीत सिंह मखीजा ने बताया कि बैसाखी के उपलक्ष्य में सोमवार को 20 श्रद्धालुओं को अमृत संचार दीक्षा करवाया गया। मंगलवार सुबह दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई जतिंदर सिंह ने आसा दी वार का पाठ किया। फतेहगढ़ साहिब से आए सिंह साहिब ज्ञानी करनवीर सिंह ने कथा के माध्यम से पंज प्यारों के बलिदान और खालसा सृजना के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। वहीं, ढाडी जत्था भाई देसा सिंह दलेर ने वीर रस की कविताओं से 1699 के आनंदपुर साहिब के दृश्यों को जीवंत कर दिया। भाई रविंदर सिंह राज ने भी कीर्तन के जरिए हाजिरी भरी।

### दरबार साहिब के रागियों ने बिखेरी स्वर लहरियां

गुरुद्वारा नेहरू नगर पानी पेच, बनीपार्क, में भी पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रधान सरदार हरचरण सिंह ने बताया कि सुबह भाई गुरमीत सिंह ने आसा दी वार का पाठ किया। यहाँ दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई जतिंदर सिंह और भाई रविंदर सिंह राज के कीर्तन श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। अंत में सभी गुरुद्वारों में संगत ने लंगर छका।

## सैन महाराज की जयंती मनाई



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के सैन मंदिर में मंगलवार को संत शिरोमणि श्री सैन महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह समाज बंधुओं ने एक कुंडिय हवन में आहुति दी व सैन महाराज की पूजा-अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद मंदिर प्रांगण से कस्बे में गाजे-बाजे से सैन महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। सर्व समाज के लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर सुरेंद्र पंवार, महेश पंवार, हनुमान चौहान, लालचंद, पुरखा राम, राकेश, भाटी, संजय तंवर, शुभकरण टाक, राजेश चौहान, बाबुलाल चौहान, कालू पड़िहार, बाबूलाल टाक, नरेंद्र भाटी, मोहित भाटी, नवीन टाक, चेतन भाटी, कैलाश टोकसिया, सांवरमल टाक, भगवाना राम टाक, भादर भाटी, मोहनलाल टाक आदि उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर जयंती पर निकाली रैली



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** पुरानी बस्ती में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेश दहिया थे। उन्होंने अंबेडकर के विचारों को अपनाने पर बल दिया। अध्यक्षता कर रहे रोहिताश्व महरानिया ने बाबा साहब के तीन मंत्र शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो को जीवन में धारण करने का आह्वान किया। ओमनाथ महाराज ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करने और निचले तबके को उठाने का कार्य अंबेडकर ने किया, वर्तमान में सामाजिक दूरियों को घटाकर एकजुट होकर सभी को लोकहित के लिए कार्य करना होगा। इंद्र सिंह भोबिया ने भी बाबा साहेब से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाए। एएसपी फूलसिंह मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रैली भी निकाली गई। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर नितिन भगत, विजय गुरावा, नाथुराम भगत, सिद्धार्थ, सुनील मेहरा, कुलदीप भगत, मंगेश भगत, एडवोकेट उम्मेद बरबड़, अरविन्द भगत, राहुल भगत, पवन भुकल, विजेश बुलानिया, विकास बुलानिया, विजय बाड़ेतिया, नरेंद्र चंदलिया, ओमप्रकाश निर्मल, दयानंद, दिनेश आदि उपस्थित थे।

## अवैध स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सुभाष चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है । जिसके पास से 5.26 मिलीग्राम स्मैक भी बरामद की है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करन शर्मा ने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत सुभाष चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरमान 36 निवासी सुभाष चौक को गिरफ्तार कर उसके पास से 5.26 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई। फिलहाल पुलिस मामले का अनुसंधान कर रही है कि आरोपी यह नशा कहाँ से लाया था और किन लोगों को सप्लाई करने वाला था।

# डॉ. अंबेडकर सभी वर्ग व धर्म के महान व्यक्तित्व के धनी थे : सैनी

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कस्बे में स्थित सातबती चौक पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 में जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा थे। विशिष्ट अतिथि विधायक भगवाना राम सैनी, पूर्व कृषि निदेशक रामकरण सैनी, डॉ. अनिमेष गुप्ता, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनीएपार्षद अजय तसीड, संजय खान, हंसा वर्मा, बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट सरवन सैनी, भाजपा नेता यतेन्द्र सैनी एसैनी समाज अध्यक्ष केदारनाथ सैनी, पार्षद दीपक बागड़ी, पार्षद शिव प्रसाद चेजारा, सुशील सैनी, बसवेश्वर लाल सैनी आदि थे। समारोह की अध्यक्षता एडवोकेट हनुमान प्रसाद गुर्जर ने की। आयोजन कर्ता टीम के द्वारा आए हुए अतिथियों का माला, साफा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सर्व समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया। विधायक भगवाना राम सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सहाब सभी वर्ग व धर्मो के महान व्यक्तित्व के धनी थे। भारत ही नहीं, पूरे संसार में डॉ. भीमराव साहब की जयंती 14 अप्रैल को मनाई जा रही है। हम सबको बाबा साहब से प्रेरणा लेकर उनके पद चिन्ह पर चलना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर अपने बजट से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी व स्टेचू बनाने की घोषणा की है। इस दौरान विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा, पूर्व कृषि मंत्री रामकरण सैनी, पार्षद अजय तसीड, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी, एडवोकेट हनुमान गुर्जर, बार संघ अध्यक्ष श्रवण सैनी आदि अतिथियों ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राधेश्याम रचयिता, नेहरू वाल्मीकि, कमल नगर, पार्षद गोविंद वाल्मीकि, नवरत्न असवाल, दलिप असवाल, बाबूलाल असवाल, रमेश असवाल, राहुल असवाल, कृष्ण असवाल, अमन, सुरेश नायक, विक्की, प्रशांत असवाल, बिरजू असवाल, कमल जिनगर, हंसराज असवाल, अध्यक्ष खटीक समाज युवा प्रकोष्ठ उदयपुरवाटी विक्रम कुमार असवाल समिति के सदस्य थे। कार्यक्रम का संचालन तन्मय असवाल ने किया। इस अवसर पर दौलत राम सैनी, अशोक मीणा, हरिराम मीणा, द्वारका प्रसाद असवाल, कैलाश कुमार, बाबूलाल, मोहनलाल, प्रहलाद, राजेश कुमार आदि थे।

## चंदा मेघवाल हत्याकांड की निष्पक्ष जांच करने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लोढ़सर के चंदा मेघवाल हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पीहर पक्ष द्वारा उपखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि दुलिया बास निवासी जगदीश प्रसाद ने अपनी पुत्री चंदा देवी की हत्या के मामले में सुजानगढ़ सदर थाने में गत 25 मार्च 2026 को मुकदमा दर्ज करवाया था। ज्ञापन में अनुसंधान अधिकारी पर दूषित अनुसंधान करने, पुलिस अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने तथा शेष आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में घटनास्थल पर घटना के समय सक्रिय मोबाइल फोनों की सूची निकलवाने और उनकी कॉल डिटेल देने, पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिलवाने की मांग की गई है। इस दौरान बाबूलाल मेघवाल, एड. रामकुमार मेघवाल, एड. तिलोक मेघवाल, रतनलाल नायक, निवर्तमान पार्षद पुरूषोतम शर्मा, हिमांशु भाटी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## मानव जन जागृति की स्मारिका का वितरण



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती हरवंशलाल जानू की अध्यक्षता में संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने अपने संबोधन में कहा कि समतामूलक समाज के निर्माण में शिक्षकों का विशेष योगदान होना चाहिए। इस अवसर पर एसीबीओ उमेश जाखड़, प्रधानाचार्य विनोद सिसोदिया, जगदीश प्रसाद शर्मा, सोशल मीडिया ऐक्टिविस्ट मनराज कांटीवाल व विक्रमसिंह चौहान ने भी डॉ अम्बेडकर की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। मनराज कांटीवाल ने मानव जन जागृति की स्मारिका का वितरण किया। समाज में एकता व समन्वय स्थापित करने के लिए रामकिशोर मेघवाल, राधा शर्मा, संदीप नवल, राकेश नायक, श्रीभगवान सुथार, राजेन्द्र बाकोलिया का अभिनंदन किया गया। हरवंशलाल जानू का जिला शिक्षा अधिकारी पद पर चयन होने पर संगठन द्वारा अभिनदंन किया गया। इस अवसर मनोज सारस्वत, जगनाराम सोडा, बनवारीलाल जांगिड़, ओमप्रकाश महर्षि, पंकज पीपलवा, राजेश कौशिक, अशोक वर्मा, ऋषिकुमार सिंह, पुरूषोतम, अशोक शर्मा, लालचंद सुथार, मुरलानोहर मंडगिरा, अंकित सेवदा, आशीष लाटा, परमेश्वर गौड़, विनोद चोटिया, श्रीराम स्वामी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन महेश शर्मा ने किया।

## अम्बेडकर जयंती पर प्रतिभाओं को किया सम्मानित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया के मुख्यातिथ्य व प्रशासक दर्शना देवी मेघवाल की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र के गाँव पण्डरेऊ टिब्बा में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ। सादुलपुर की पूर्व विधायिका कमला कस्वां कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रही। उपस्थित अतिथियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आसपास के गाँवों की सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक बुडानिया ने कहा कि बाबा साहब ने ऊंच नीच का भेदभाव मिटाकर सभी को समानता का अधिकार दिलाने काम किया है इसलिए समानता, सामाजिक, न्याय और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इनको याद किया जाता है, बाबा साहेब की जितनी उपमा की जाए उतनी ही कम है इसलिए हमें इनके बताये पदचिह्नो पर चलना चाहिए। कमला कस्वां ने कहा आज के दौर में शिक्षा का अत्यधिक महत्व है शिक्षा के बिना इंसान अधूरा है बाबा साहेब की काफी डिग्री हासिल की हुई थी। आज हम सब बराबर बैठते है ये बाबा साहब की ही देन है बाबा साहेब ने काफी कुरुतियों को समाप्त किया था। कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि दौलत राम मेघवाल ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। धर्मपाल दईया ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर मोहरसिंह ज्याणी, हरिसिंह बेनीवाल, मास्टर प्रताप मेघवाल, दानाराम मेघवाल, एडवोकेट राकेश सांगवान, एसआई सत्य प्रकाश जांगिड़, मोहरसिंह धाणक, दारासिंह शिला, जुगलाल बरोड़, भानीराम, कृष्ण सहारण, सुरेन्द्र सहारण, दलीप खाँ, भूपसिँह, लिछमण टिटानिया सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## डॉक्टर सोमदेव बंसल की गिरफ्तारी का जताया विरोध

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुजला ब्रांच की ओर से मंगलवार को जयपुर के एक निजी अस्पताल निदेशक डॉ सोनदेव बंसल की गिरफ्तारी के विरोध में सभी निजी अस्पताल-क्लिनकों के संपूर्ण चिकित्सा सेवाएं बंद रखी। आरजीएचएस सेवा भी स्थगित रखी। डॉ सोनदेव बंसल की बिना शर्त तत्काल रिहाई करने व आरजीएचएस से संबंधित मामलों में आपराधिक कार्रवाई से पहले एक स्पष्ट व बाध्यकारी एसओपी लागू करने की मांग की। डॉक्टरों ने कहा कि जब तक आरजीएसएस से संबंधित समस्याओं का संतोषजनक समाधान नहीं होता, तब तक आरजीएचएस सेवाओं का स्थगन जारी रहेगा। अगर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो राज्य के चिकित्सा संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल सहित अनेक कदम उठाएंगे।

## अंबेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर के सपनों का भारत विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने बाबा साहेब की जीवनी, भारतीय संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। राजेंद्र सिंह भाटी और पिंकी करनावत ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। सभा को कृष्णा शर्मा, अंजली सैनी, सुमन, सरिता शर्मा, प्रेमलता सोनी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर सरजीता रामपुरा, रिंकू, अंजली सैनी, अनुराधा, भावना, पूनम ओला, हनुमान सिंह, प्रीतिकला, कल्पना, आरती आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह भाटी ने किया।

## आचार्य महाश्रमण ने संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण करने का दिया संदेश

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय जैन विश्व भारती परिसर में महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव सीनियर सैकेंडरी स्कूल का भव्य शुभारंभ समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर इंद्रा बेद परिवार रतनगढ़ निवासी समाजसेवी बुधमल बेद, जोधराज बेद का अभिनंदन कर उनका सम्मान किया गया। सामारोह में आचार्य महाश्रमण ने अपने पावन प्रवचन में शिक्षा और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का स्थान सर्वोपरि है, लेकिन केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है। व्यक्ति को संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। तभी वह एक आदर्श नागरिक बन सकता है। आचार्य ने जैन विश्व भारती परिसर को शिक्षा का प्रमुख केंद्र बताते हुए इस शिक्षा ज्योत को निरंतर गतिमान रखने की कामना की। गुरुदेव ने बेद परिवार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देते हुए विद्यालय भवन का निर्माण करवाने पर उन्हें बधाई दी और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर नीतू बरडिया, पवन बेद, रीना बेद, हेमंत बैद, ममता बैंद, राजीव, भारती जैन, मनीष जैन, दीपक सोनू छलानी, निशा बाबेल, चैतन्या बैंद, डॉ. विजय शर्मा, रचना बालानी, गौरव मंडोत, भागचंद बरडिया, धर्मचंद लुंकड़, अमरचंद लुंकड़, आयशा बानो सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# अंबेडकर और महात्मा फुले की जयंती मनाई

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** अभिभाषक संघ चिड़ावा द्वारा मंगलवार को न्यायालय परिसर में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष विजय गुरावा ने की। समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहनलाल बेदी थे। कार्यक्रम के दौरान डॉ अंबेडकर और महात्मा फुले की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मपाल सिंह, शीशराम बोला, शीशराम झाझड़िया, विजय डाबला, सचिव गिरधारीलाल सोनी, लोकेश शर्मा और नवीन झाझड़िया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए दोनों महापुरुषों के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जयंती समारोह में वेदप्रकाश सिहाग, नरेश कल्याण, रौनक हलवान, टैक्स बार अध्यक्ष विक्रम सिंह शेखावत, ओमप्रकाश माहिच, वीर प्रकाश झाझड़िया, प्रशांत शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनिवास, निहाल सिंह, सुमेर धनखड़, अरुण पाटिल, दर्शन लमोरिया, दीपक शर्मा, दीपक स्वामी, भीम सिंह सैनी, राकेश आर्य, ओमप्रकाश डांगी एवं कोर्ट परिसर के स्टाम्प वेंडर व टाइपिस्ट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रमुख जनगणना अधिकारी व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के सुचारू और त्रुटिरहित संचालन के लिए चूरू जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी महत्वपूर्ण कार्य के तहत फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण बुधवार, 15 अप्रैल, 2026 से आयोजित किया जा रहा है। उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ. रामगोपाल सेपट ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 15 से 17 अप्रैल, 2026 तक शहर के स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय स्थित आई स्टार्ट डिस्ट्रीक्ट इनक्यूबेशन सेन्टर में आयोजित होगा। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के प्रथम चरण की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मकानों की सूची तैयार करने, मकानों की गणना के प्रपत्रों को सही ढंग से भरने, तकनीकी एवं डिजिटल उपकरणों मोबाइल ऐप/पोर्टल के उपयोग और फील्ड में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों के समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यही प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स आगे चलकर ब्लॉक और ग्राम स्तर पर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, ताकि राष्ट्रीय स्तर के इस महाअभियान को शत-प्रतिशत सटीकता के साथ पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रथम बैच के लिए नामित सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर प्रशिक्षण स्थल पर अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

## कथा में कराया माधुर्य भाव की बाल लीलाओं का श्रवण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक दरीबा पान स्थित आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को ठाकुरजी की माधुर्य भाव की बाल लीलाओं और आसुरी तत्वों के उद्धार के प्रसंगों की सरस कथा हुई। शुक सम्प्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में व्यासपीठ से मदन मोहन दास महाराज ने कहा कि भगवान ने भक्तों के मनोगत भावों के अनुसार लीलाएं की और सुख प्रदान किया। भगवान ने राक्षसों का भी संहार नहीं बल्कि उद्धार ही किया। उन्होंने अघासुर और धेनुकासुर जैसे राक्षसों का भी खेल-ही-खेल में उद्धार कर दिया। भगवान किसी का वध नहीं करते, बल्कि उनके स्पर्श मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने मुख्य रूप से ब्रज में तीन लीलाएं करने के लिए अवतार लिया था. माखन चोरी लीला, गौचारण लीला और महारासलीला। भगवान कृष्ण ने ब्रज में रहते हुए कभी जूते-चप्पल या सिले हुए वस्त्र धारण नहीं किए। वे यह बताना चाहते थे कि ब्रज की रज की अद्भुत महिमा है। जो ब्रजराज को मस्तक पर धारण करता है, उसे किशोरी राधा रानी की प्राप्ति होती है। गोचरण लीला में भगवान ने गौ सेवा कीए जिसके कारण उनका नाम गोपाल पड़ा। आगे चलकर, जब मैया यशोदा 56 प्रकार के व्यंजन तैयार कर रही थीं और भगवान ने भूख लगने की बात कही, तो यशोदा ने इंद्र की पूजा का हवाला दिया। भगवान कृष्ण ने नंदबाबा से गोवर्धन पूजन का आग्रह किया, जिस पर नंदबाबा भी सहमत हो गए। इसके बाद सभी ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा के स्थान पर गोवर्धन पूजन प्रारंभ किया। इंद्र का अभिमान नष्ट करने के लिए उन्होंने गोवर्धन धारण की लीला की। गोवर्धन गिरिराज कलयुग के प्रत्यक्ष देव हैं। जो गिरिराज का पूजन और परिक्रमा करता है, गिरिराज महाराज उसकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने पधारे संतों.महंतों एवं श्रद्धालुओं का सम्मान किया। आचार्य शुक देव जी महाराज का जयंती महोत्सव 17 अप्रेल को श्री सरस निकुंज में मंगल महोत्सव समाज के रूप में मनाया जाएगा। दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक बधाईगान, नृत्य और प्रवचन के कार्यक्रम होंगे। रात्रि आठ से अगले दिन सुबह पांच बजे तक महोत्सव समाज, वाणी पाठ, बधाईगायन, नृत्य, आचार्य विनय के कार्यक्रम होंगे।

## अंबेडकर जयंती पर निकाली रैली



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अनुसूचित जाति व जनजाति समाज तथा हम कामगार समाज की ओर से विश्व रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य रैली निकाली गई। रेगर बस्ती धर्मशाला से रवाना हुई रैली को हरिप्रसाद हर्षवाल, श्रवण कुमार सोडा, अंबेडकर समारोह समिति अध्यक्ष हनुमानाराम मेघवाल, ज्योतिबा फुले समिति अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में डीजे, घोड़ी, ऊंट, बैंड बाजा, शाही रथ पर सजी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया। स्थानीय तापड़िया मंदिर के पास विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व सर्व सनातन समाज के गणमान्यजनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रैली रामचंद्र पार्क, घंटाघर, अशोक स्तंभ से जिला अस्पताल के आगे अंबेडकर स्टैचू पर आम सभा में परिवर्तित हो गई। सभा की शुरुआत समाज की बालिकाओं द्वारा बाबा साहेब के स्टेच्यू पर दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित कर की गई। सभा को अंबेडकर जयंती समारोह समिति अध्यक्ष हनुमानाराम छाबड़ी ने स्वागत उद्बोधन दिया। उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने को कहा। नवयुवक मंडल कामगार अध्यक्ष राजेंद्र मारोठिया ने शिक्षित बनने, संगठित होने और संघर्षशील बनने की बात कही। अनुसूचित जाति और जनजाति समाज अध्यक्ष श्रवण कुमार सोडा ने तेज धूप में भी भारी संख्या में उपस्थिति को बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। ज्योतिबा फुले समिति अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने आयोजन समिति का आभार जताया। महिला शक्ति की तरफ से मंजू देवी बारबाल ने बाबासाहेब का महिलाओं के उत्थान हेतु आभार जताया। हम कामगार समाज अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल ने रैली में सभी की भागीदारी को अभूतपूर्व बताया। इस मौके पर समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने भी सभा को संबोधित किया और बाबा साहेब के आदर्शों की बात कही। रैली में मातृशक्ति सहित बुजुर्ग व युवाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मंचिय संचालन विजेंद्र सारस्वत एवं ब्रिज दीपक स्वामी ने किया।

## धूमधाम से मनाई अम्बेडकर जयंती



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के अम्बेडकर सर्किल पर सर्व समाज की ओर से मंगलवार को सविंधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। लोगों ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया व बाबा साहब अमर रहे, जयभीम के नारे लगाए। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की अनुशंसा पर 13 लाख रुपये की लागत से अम्बेडकर सर्किल का सौन्दर्यकरण होगा जिसका कार्य जल्द ही शुरू करवा दिया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश जांगिड़, जमरदीन तेली, अजीत राठौड़, अनूप खंडेलवाल, मो. तैयब, हरी इंदौरिया, लीलाधर प्रजापत, राजेंद्र जोईया, झींडूराम दायमा, त्रिलोक रेगर, जसवंत दईया, अशोक जांगिड़, वीर बहादुर राठौड़, चुन्नीलाल सैनी, राजू भामी, फारूक मिस्त्री, सत्य प्रकाश जांगिड़, सुरेश मेघवाल, बलवान मेघवाल, भगवानाराम बरोड़, पालाराम जिंदल, मनीराम रैगर, ओमप्रकाश रैगर आदि अनेक लोग मौजूद रहे। गांव ढाणी कुलड़िया में अंबेडकर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि एडवोकेट निर्मल प्रजापत, डॉ. हर्ष लाम्बा, नरेंद्र सांगवान, गोपीराम रूलानिया, जय सिंह, श्रीचंद छापरवाल, आयोजक रणजीत जोइया व राजेश मान ने अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर महावीर मान, नत्थूराम सहारण, किशनाराम धानिया, भादराम लूणा, श्रवण नायक, रामेश्वर लूणा, बनवारी लाल कुलड़िया, किशना राम कुलड़िया, रामकुमार जोइया सहित गांव ढाणी कुलड़िया, डाबड़ी बड़ी, डाबड़ी छोटी, झाड़सर गजिया, ढाणी मेघसर एवं आसपास गांवों के अनेक ग्रामीण मौजूद थे। बुचावास गांव के मेघवाल धर्मशाला में अम्बेडकर जयंती पर लोगों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। इस अवसर पर राकेश कुमार, पवन मेहरा, बीरबल दास, सुरेश मेहरा, बाबूलाल, कालुराम, विमल सैनी, ओम प्रकाश, बलवान तेतरवाल, राजुराम चितारा, बेगराज मेहरा, बजरंग लाल पुरोहित, राकेश मेहरा, जसुराम एवं भुगानाराम झोरड़, संदीप भार्गव सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खरमास समाप्त : अब गूंजेंगी राजधानी में विवाह की शहनाइयां

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चार माह के लंबे इंतजार के बाद खरमास समाप्त होने के साथ ही 15 अप्रैल से मांगलिक कार्यों पर लगा विराम हट जाएगा। इसके साथ ही शहर में एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। आगामी महीनों में विवाह समारोहों की धूम रहने वाली है, खासकर 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अबूझ सावे पर बड़ी संख्या में शादियां आयोजित होंगी। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा के अनुसार अक्षय तृतीया इस सीजन का सबसे प्रमुख और शुभ सावा है। इसके अलावा अप्रैल, मई, जून और जुलाई में भी करीब 30 से अधिक शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं, जिससे चातुर्मास से पहले लगातार चार माह तक विवाह समारोहों का दौर जारी रहेगा। हालांकि इस बार शादी समारोहों की रौनक पर महंगाई का असर भी साफ नजर आ रहा है। सोना.चांदी के बढ़ते दामों ने आभूषणों के बजट को प्रभावित किया है, वहीं तेल, दाल और मसालों की कीमतों में बढ़ोतरी से केटरिंग खर्च भी बढ़ गया है।

कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी के चलते आयोजनकर्ताओं और केटरर्स की चिंता बढ़ी है, जिससे श्रम और सेवा शुल्क में भी वृद्धि देखी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण ड्राई फ्रूट्स और आयातित मसालों के दाम भी बढ़े हैं, जिससे विवाह आयोजन पहले की तुलना में अधिक महंगे हो गए हैं। वहीं विवाह सीजन की भारी मांग के चलते शहर के प्रमुख मैरिज गार्डन, टेंट हाउस और आयोजन स्थल जुलाई तक अग्रिम बुक हो चुके हैं। मांग अधिक होने के कारण इनके किरायों में करीब 15 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। इसके बावजूद विवाह सीजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह है और शहर एक बार फिर रंग-बिरंगे आयोजनों और खुशियों से सराबोर होने को तैयार है।

# अंबेडकर ने संविधान के द्वारा दिए नागरिकों को अधिकार : मिर्धा

सुरेन्द्र शर्मा




**सीकर ( नवयत्न )।** भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती भाजपा कार्यालय में मंगलवार को मनाई गई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ ज्योति मिर्धा मुख्य वक्ता रही और अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने की। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, प्रदेश प्रवक्ता इंद्रा चौधरी व महिपाल महला आदि मंचस्थ रहे। अतिथियों सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ ज्योति मिर्धा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था थे। उन्होंने भारत के नागरिकों को संविधान के माध्यम से उनको अधिकार दिलवाने की भूमिका निभाई। वे सभी से शिक्षित होने के लिए कहते थे क्योंकि उनको पता था कि शिक्षा का कितना महत्व होता है। वह वर्ग के नेता नहीं थे वह सभी वर्गों के सर्वमान्य नेता थे। कहा कि उनको सच्ची श्रद्धांजलि तभी सार्थक होगी जब उनकी बताई बातों पर हम खरें उतरेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ अंबेडकर के पंच तीर्थ को तैयार करवाकर सम्मान देने का काम किया है। कहा कि उस समय की सरकार ने उनका किसी भी तरह से सहयोग नहीं किया था। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि डॉ अंबेडकर के जीवन से हर कोई सीख सकता है। कहा कि उन्होंने इस बात के लिए सभी को प्रेरित किया कि शिक्षा व्यक्ति को कहां से कहां पहुंचा सकती है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके जीवन चरित्र को जानना चाहिए। कहा कि निधन पर 193 देशों के झंडे आधे झूक गये थे लेकिन उस समय की भारत सरकार ने उनको जगह तक नहीं उपलब्ध नहीं करवाई। कार्यक्रम को पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, प्रदेश प्रवक्ता इंद्रा चौधरी व महिपाल महला ने भी संबोधित करते हुए डॉ अंबेडकर द्वारा शिक्षा के लिए प्रेरणास्पद बातें ग्रहण करने के लिए कहा। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान राजेश रोलन, रामवतार रूंथला, नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, जितेंद्र सिंह कारंगा, प्रभुसिंह सेवद, डॉ अर्चना पुरोहित, सुमन वर्मा, सुमित्रा सैनी, करण सिंह, निश्चय जीनगर, रामचंद्र बगड़िया, वरुण कुशलेश शर्मा, गौतम चनेजा, इंद्र शर्मा, विजयपाल चिरानियां, तेजप्रकाश सैनी, बलदेव सिंह खंडेला, शारदा काबरा, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

## झुंझुनू में कई बड़े विकास प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में : दाधीच



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने अपने झुंझुनू दौरे के दौरान हरियाणा से यमुना का पानी झुंझुनू सहित शेखावाटी में लाने को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार झुंझुनूं के समग्र विकास के लिए गंभीरता से काम कर रही है और कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं जल्द धरातल पर उतरेंगी। मीडिया से बातचीत में दाधीच ने बताया कि जिले के विकास से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्ट्स की डीपीआर तैयार हो चुकी है और शीघ्र ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जल्द शिलान्यास करेंगे। इससे पहले रोड नंबर तीन पर शाकंभरी कुंज में दाधीच का श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया तथा मंत्री प्रदीप पाटोदिया की अगुवाई में स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री गोपाल गौशाला के पूर्व मंत्री नेमी अग्रवाल, रघुनाथ पोद्दार, कर्मचारी नेता रामगोपाल शर्मा, भाजपा नेता पुरूषोत्तम खाजपुरिया आदि मौजूद थे। इस मौके पर दाधीच ने खास तौर पर यमुना जल परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना की डीपीआर भी तैयार हो चुकी है। दाधीच ने बताया कि झुंझुनूं तक यमुना का पानी लाने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं शिलान्यास करेंगे और इस परियोजना का शुभारंभ 2028 से पहले कर दिया जाएगा। दाधीच ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और झुंझुनूं में लगातार नए कार्य और योजनाएं लाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जिले के लिए एक बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। जिसकी घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में झुंझुनूं में विकास की नई तस्वीर देखने को मिलेगी।

## भारतीय किसान संघ की जिला बैठक संपन्न




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे स्थित एसबीएन कॉलेज परिसर में भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष सतवीर सामोता की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के किसानों के हितों, कृषि उन्नयन तथा आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर गहन चर्चा की गई। बैठक का मुख्य आकर्षण आगामी 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित होने वाला दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर रहा, जिसमें किसानों को आधुनिक एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में कई विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा। कृषि उद्यमिता, खेती को व्यवसाय के रूप में विकसित करने के उपाय, जैविक खेती, रासायनिक मुक्त खेती, कम लागत में अधिक उत्पादन तकनीकी, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, पशु स्वास्थ्य एवं आधुनिक तकनीकों का उपयोग, फसल प्रबंधन एवं विपणन, उत्पाद को उचित मूल्य दिलाने की रणनीति, सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण के दौरान किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे वे अधिकतम लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, फसल नुकसान पर सुरक्षा कवच मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, मिट्टी की जांच एवं उर्वरता सुधार, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं विकास डेयरी उद्यमिता विकास योजना, पशुपालन को बढ़ावा, कुसुम योजना, सौर ऊर्जा से सिंचाई सुविधा, ई-नाम योजना ऑनलाइन कृषि बाजार से बेहतर मूल्य आदि। बैठक में डॉ मुकेश बल्डवाल, राजेन्द्र बिजारनियां, झाबरमल बाजिया, डॉ राजेन्द्र कुड़ी, राजू बागवान, रामोतार सैनी एवं विश्वनाथ शर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाई बाबा साहेब की जयंती

निसं



**मलसीसर ( नवयत्न )।** भाजपा कार्यालय मलसीसर पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बाबा साहेब के विचारों एवं आदर्श सिद्धांतों पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया। संविधान निर्माता, समाज सुधारक एवं समता के अग्रदूत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने शोषण, असमानता एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दलितों, वंचितों एवं पिछड़े वर्गों को सम्मान एवं अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके द्वारा प्रदत्त संविधान आज भी भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। उनके आदर्श-शिक्षित बनोए संगठित रहो, संघर्ष करो आज के युग में भी उतने ही प्रासंगिक एवं प्रेरणादायक हैं। इस गरिमामयी अवसर पर राजकुमार मुंड भाजपा जिला प्रवक्ता, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित व्यास दर्शन सिंह चौहान, चीनू बंसल, वीरेंद्र खींची, मोहित दादरवाल, राहुल, अमर सिंह, सुनील, रोहिताश, हेमंत एवं पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता बंधु एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इसी प्रकार मंड्रेला रोड स्थित सिरोहा गेस्ट हाउस में बाबा साहब की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान डाक्टर अश्वनी कुमार, पवन कुमार मेघवाल, परमजीत नायक, हरि सिंह महला, ओम प्रकाश घोड़ेला, श्रीराम, इमरान सिरोहा, राजकुमार, जुल्फिकार, इंद्र चंद, दीपक सांमरिया, श्री रामचंद्र, रोहिताश, आरिफपंच, अमित गोड़, साहिल सैयद सहित काफी लोग उपस्थित रहे। इसी तरह मेघवाल बस्ती में बालाजी मंदिर परिसर में बाबा साहब की जयंती के अवसर पर समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के जीवन में किए गए कार्यों का अनुसरण करने की अपील की। इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया । इस दौरान एडवोकेट राहुल स्वामी, विक्रम सिंह टकनेतए अस्तली खां, इस्पाक फौजी, अनिल जेदिया, मधुसूधन पारासर, एडवोकेट राजवीर शेखावत, कालू सिंह सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई सैन जयंती



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सकल सैन समाज लाडनूं के तत्वावधान में संत शिरोमणि श्री सैन महाराज की 726 वीं जयंती को लेकर शहर में दो दिवसीय विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान सैन जयंती की पूर्व संध्या 13 अप्रैल 2026 सोमवार रात्रि को सैन मंदिर व सैन बगीची में सुंदरकांड का आयोजन हुआ। वहीं इसी क्रम में 14 अप्रैल 2026 मंगलवार को प्रातः 7:15 बजे सैन मंदिर व सैन बगीची दोनों जगह यज्ञ हवन के साथ विशेष पूजा आरती हुई। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात सैन जी महाराज के प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन स्थानीय सैन मंदिर में 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगा। जंयती कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय सैन समाज के सभी युवा, बुजुर्ग, महिला सदस्यों की महती सहभागिता रही।

## डोडा चूरा सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी ने कार्रवाई करते हुए राजधानी में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जालूपुरा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 29.850 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी टीम ने पुलिस थाना जालूपुरा उत्तर के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए सुखा सिंह 30, सुरजन सिंह 19 और मंगल सिंह 29 को जालूपुरा क्षेत्र में केएस टीवीएस मोटर्स के सामने चांदपोल जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया हैए जो हरियाणा और पंजाब के निवासी हैं। पुलिस आरोपियों के कब्जे से 29.850 किलो अवैध डोडा चूरा बरामद किया है।

## कन्हैयालाल सेठिया का सुजानगढ़ में स्मारक बनना चाहिए : गर्ग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की पैतृक हवेली का अवलोकन किया। मरूदेश संस्थान सुजानगढ़ और सेठिया परिवार की ओर से उनका पुष्प वर्षा के साथ दुप्पटा और साहित्य भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने मुख्य सचेतक गर्ग को इस महत्वपूर्ण हवेली के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए दो ज्ञापन भी सौंपे। महाकवि कन्हैयालाल सेठिया के साधना कक्ष में बैठकर जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि साहित्य मनीषी सेठिया राजस्थानी और राजस्थान के गौरव हैं। गर्ग ने कहा कि अपने जीवनकाल में उन्हें भी सेठिया के दर्शन का सौभाग्य मिला था। उन्होंने कहा कि जब वे पहली बार विधायक बने थे, तभी उन्होंने सबसे पहले अपनी मातृभाषा राजस्थानी में शपथ लेने की मांग की। जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राजस्थानी भाषा का संरक्षण बहुत जरूरी हैं क्योंकि कोई भी भाषा मरती है तो उसके साथ पूरी संस्कृति मरती है। उन्होंने कहा कि वे कन्हैयालाल सेठिया की स्मृति में सुजानगढ़ में स्मारक बनाने और उनके अमर गीत धरती धोरां री राजस्थान का राज्य गीत बनाने के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने सेठिया की कुछ कविताएं भी सुनाई। इस मौके पर पूर्व प्रधान संतोष मेघवाल, वरिष्ठ साहित्यकार भंवरसिंह सामौर, एसडीएम बीदासर अमीलाल यादव, संस्थान के सचिव कमलनयन तोषनीवाल, संयोजक सुमनेश शर्मा, समन्वयक किशोर सैन, पूर्व व्याख्याता पूनमचंद सारस्वत, संगीत साधना संस्थान के सचिव मुकेश रावतानी, एडवोकेट हेमंत कुमार शर्मा, भाजपा नेता बुद्धिप्रकाश सोनी, गणेश मंडावरिया, हिमांशु भाटी, छापर के कन्हैयालाल स्वामी, पार्थ सोनी, जितेंद्र स्वामी, कवि अरविंद विश्वेंद्रा, केन्द्रीय साहित्य अकादमी की सदस्य डॉ गीता सामौर, डॉ आरती सामौर, डॉ मानसिंह सामौर, सम्पत सिंह सामौर, महेश धर्ड, अर्जुन सियोता, राजेश बिहारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सैन जयंती पर भक्ति का उल्लास : 351 महिलाओं की निकली भव्य कलश यात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री सेन जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में सेन जयंती महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 351 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें समाजजनों की बड़ी भागीदारी रही। समिति के संयोजक घनश्याम सेन लाडू वालों ने बताया कि कलश यात्रा पुरानी बस्ती स्थित सेन जी महाराज मंदिर से रवाना होकर पारीक कॉलेज रोड होते हुए झोटवाड़ा स्थित नारायणी माता मंदिर पहुंची। यात्रा में हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे और लवाजमे के साथ पुरुष, महिलाएं और बच्चे एक समान वेशभूषा में शामिल हुए। श्रद्धालु कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए सेन महाराज के जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा में सेन महाराज की सजीव चित्र झांकी मुख्य आकर्षण रही, वहीं मार्ग में जगह-जगह समाज बंधुओं ने यात्रा का स्वागत किया। महोत्सव के तहत मंदिर परिसर में गोपाल सेन एंड पार्टी द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। भगवान सेन महाराज की फूलों से सजी आकर्षक झांकी सजाकर विभिन्न मिष्ठानों का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का माला, दुपट्टा, शॉल व पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने उपस्थित होकर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

उन्होंने समाजजनों को एकता और सेवा भाव के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। अंत में विशाल पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190